बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

संस्कार उजाला

संस्कार उजाला SANSKAR UJALA www.sanskarujala.com

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 145 | सोमवार 16 सितम्बर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसकी चर्चा होना जरूरी

अलवर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को परिवार और समाज से जुड़े 5 सूत्र बताए। उन्होंने कहा- हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। गरीब के साथ जुड़ाव रखें, उनको घर पर लेकर आएं और उनके घर पर भी जाएं। संघ प्रमुख मोहन भागवत पांच दिन से अलवर प्रवास पर हैं। रविवार को वे सुबह 6.30 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचे, यहां स्वयं सेवकों को संबोधित किया। स्वयं सेवक डॉ. राजकुमार गुर्जर ने भागवत के संबोधन को साझा किया। भागवत ने कहा- हम सभी को परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर बातचीत करते रहना चाहिए। शाम को खाना खाते समय एक साथ बैठे, ताकि

- **आरएसएस प्रमुख बोले-समाज में समरसता होनी चाहिए, हर वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए**

सभी के मन की बात पता रहे। अपने गांव-ढाणी के गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने की सोच रखनी चाहिए। गरीब के घर भी जाना चाहिए। गरीब को भी अपने घर बुलाना चाहिए। समाज में समरसता का माहौल रहना चाहिए। हर तबके को साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा- घर में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इस पर परिवार में एक-दूसरे के विचार जरूरी हैं। दूसरा हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिस राज्य में आप रहते हैं, उसकी वेशभूषा और खान-पान का पता रहना चाहिए। एक जगह शाखा लगाए, जिसमें हमें एक-दूसरे का पता रहना चाहिए। हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं.:-9911733939

पीएम मोदी ने जमशेदपुर में फूंका चुनावी बिगुल

बोले-जेएमएम,आरजेडी और कांग्रेस,झारखंड के सबसे बड़े दुश्मन

रांची (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची पहुंच गए है, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से जमशेदपुर के लिए उड़ान भरने में परेशानी हुई, जिसके कारण रांची एयरपोर्ट से ही प्रधानमंत्री ने 6 वंदे भारत एक्सप्रेस के ऑनलाइन उद्घाटन के साथ ही करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात दी। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 140 किलोमीटर की दूरी तय कर सड़क मार्ग से होकर रांची से जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सकता था। इस कारण सड़क मार्ग से रांची से जमशेदपुर पहुंचे। रास्ते में बारिश के रूप में आशीर्वाद मिला। रास्ते भर में लोगों ने भींग कर स्वागत किया, लोगों का प्यार और आशीर्वाद जीवन की बड़ी पूंजी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती को लेकर दौड़ में शामिल कई अभ्यर्थियों की मौत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा- 'मैं वादा करता हूं... झारखंड में कुछ महीनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी।'

झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन-जेएमएम,आरजेडी और कांग्रेस- प्रधानमंत्री ने कहा- 'आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की, भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत किसने की,भाजपा की सरकार ने।

- **जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं।ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी श्रडड को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं।इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं।पीएम मोदी ने कहा- 'जानते हैं ऐसा क्यों हुआ। क्योंकि जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है।जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है।इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं।यही हाल जेएमएम का भी हो रहा है।
- **मोदी बोले-देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी है कांग्रेस-** इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है- कांग्रेस का परिवार।'

दो दिन बाद दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा देंगे केजरीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने पर पहली बार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को

संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि वो दो दिन सीएम की कुर्सी छोड़ देंगे।सीएम केजरीवाल के इस ऐलान पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल का पीआर स्टंट है।उन्हें समझ आ गया है कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि एक ईमानदार नेता की नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता की है, आज एएपी पूरे देश में एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में जानी जाती है।

3 मंजिला मकान गिरा, परिवार के 10 लोगों की मौत

मेरठ में 16 घंटे से रेस्क्यू जारी,स्निफर डॉग से तलाश मृतकों में 6 बच्चे भी, एक पिलर पर टिकी थी बिल्डिंग

मेरठ (एजेंसी)। यूपी के मेरठ में शनिवार शाम हुए हादसे में अब तक 10 की मौत हो गई। मरने वालों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। 5 लोगों को रेस्क्यू कर हॉस्पिटल भेजा गया है। 16 घंटे से लगातार रेस्क्यू जारी है। अभी मलबे में किसी के दबे होने की जानकारी नहीं है, लेकिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में लगी है। टीम स्निफर डॉग्स की मदद से मलबे को हटाकर देख रही है कि कोई और तो नहीं दबा है। हादसा शनिवार शाम 5.15 बजे लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में हुआ था। 3 मंजिला घर ढह गया था। इसमें एक ही परिवार के 15 लोग दब गए थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि तीन मंजिला बिल्डिंग 50 साल पुरानी थी। सिंगल पिलर पर खड़ी थी। पिलर कमजोर होने की वजह से हादसा हुआ। घर में 63 साल की नफीसा अपने 4 बेटों के परिवार के साथ रहती थीं।

ईरान ने अंतरिक्ष में लॉन्च की मिसाइल, भड़का अमरीका

60 किग्रा की सैटेलाइट स्पेस में पहुंचाई,खुशी की लहर

तेहरान (एजेंसी)। ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' की ओर से बनाए गए रॉकेट से शनिवार को एक सैटेलाइट लॉन्च किया।सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।ईरान ने बताया कि रॉकेट के जरिए उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला यह उसका दूसरा लॉन्च है।वैज्ञानिकों ने बाद में प्रक्षेपण की पुष्टि की तथा बताया कि उपग्रह कक्षा में पहुंच गया है।ईरानी मीडिया की ओर से बाद में साझा किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मोबाइल लांचर की मदद से रॉकेट लॉन्च किया गया।

गणमुक्तेश्वर गत वर्षो की भांति में विधि विधान के साथ रामलीला हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला
जिला प्रभरी अमित शर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के पौराणिक धर्मक्षेत्र एवं तीर्थस्थल पूर्वज गणो की मुक्ति के धाम गणमुक्तेश्वर में आयोजित होने वाली मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की प्राचीनतम रामलीला हेतु आज बारहदरी मैदान में विधि विधान पूजा पाठ अर्चना के द्वारा मंत्रोच्चारण से भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सनातनी रामभक्तो ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए एक स्वर में कहा कि जिस प्रकार से भगवान राम ने असत्य पर सत्य की विजय हेतु धर्मयुद्ध किया,उसी प्रकार से हमे भी सदैव सत्य के पक्ष में निर्भय होकर युद्ध हेतु तत्पर रहना चाहिए।जिससे की सनातन धर्म पर कोई दुष्ट प्राणी आघात ना कर सके। इस अवसर पर विजय शर्मा,कौशल पांडियान,पवन जैन,राजेश शर्मा,रमन शर्मा,अमल राजवंश,सुनील गुप्ता,डॉ हर्षवर्धन शर्मा,सतीश गुप्ता,दिनेश गर्ग,सतीश शर्मा,रामोतार गर्ग,राममोहन शर्मा, डॉ ज्ञान शर्मा,राहुल(रिंकू) शुक्ला,पवन शर्मा,शोभित ठाकुर,टिंकू शर्मा,भास्कर गर्ग सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति में फूट!

जेपी नड्डा की सलाह भाजपा निभाए बड़े भाई की भूमिका

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति के भीतर कलह की खबरें सामने आ रही हैं। इन्हीं अंदरूनी कलह और खामियों को दूर करने के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र भाजपा इकाई को सलाह दी है। साथ ही गठबंधन सहयोगियों की चिताओं का समाधान करने के लिए भी कहा है। ताकि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को एकजुट और मजबूत रखा जा सके। पार्टी के वरिष्ठ नेता के मुताबिक, जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र भाजपा से यहां तक कहा कि उसे बड़े भाई की भूमिका निभानी चाहिए। नड्डा शनिवार को मुंबई पहुंचे थे। यहां उन्होंने लालबागचा राजा गणेश के दर्शन किए। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के वर्षा स्थित आवास और बाद में मालाबार हिल्स में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सागर स्थित आवास पर जाकर चल रहे 10वें गणपति उत्सव में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार द्वारा आयोजित बांद्रा पश्चिम में सार्वजनिक गणेश के दर्शन भी किए। उत्सव के अलावा नड्डा ने फडणवीस के आवास पर राज्य भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बातचीत की। नाम न बताने की शर्त पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नड्डा ने विधानसभा चुनावों की चुनौतियों और तैयारियों के बारे में बात की। पार्टी नेता ने बताया कि नड्डा ने उनसे महायुति (भाजपा, शिवसेना और एनसीपी का तीन-दलीय गठबंधन) को मजबूत करने के लिए एक टीम के रूप में काम करने की अपील की। विधानसभा चुनाव से पहले महायुति के भीतर चल रही कलह के बीच सूत्रों ने बताया कि नड्डा ने टीम वर्क की जरूरत पर जोर दिया।

मस्क का स्पेस मिशन कामयाब चार एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे

ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की पानी में लैंडिंग; वापसी में 27000 किमी प्रति घंटे की स्पीड, 1900 डिग्री था तापमान

फ्लोरिडा (एजेंसी)। स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन क्रू 15 सितंबर को पृथ्वी पर वापस लौट गया। ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट ने दोपहर 1.06 बजे फ्लोरिडा के ड्राई टोर्टुगास कोस्ट पर लैंडिंग की। पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 27,000 किमी प्रति घंटे थी। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुई और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इलॉन मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट से पोलारिस डॉन मिशन को 10 सितंबर को लॉन्च किया गया था। 5 दिन के इस मिशन में 4 एस्ट्रोनॉट जिस ऑर्बिट (1,408.1 किमी) में गए थे, उसमें 50 साल से ज्यादा समय से कोई एस्ट्रोनॉट नहीं गया। किसी भी स्पेस मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा पृथ्वी पर लौटना होता है।

सुरक्षित रूप से घर पहुंचने के लिए, क्रू ड्रैगन कैप्सूल ने डी-ऑर्बिट बर्न शुरू किया। लगभग 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुई और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। 4-मीटर चौड़े ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के नीचे लगी हीटशील्ड एस्ट्रोनॉट्स को इस तापमान से सुरक्षित रखा। जैसे-जैसे स्पेसक्राफ्ट नीचे आया उसकी रफ्तार को धीमा किया गया।

एलएसी पर नहीं है अब दुश्मन की खैर

- **जोरावर की दहाड़ से थर्राएगा चीन, ऑटोमोटिव परीक्षण पूरा**

जोधपुर (एजेंसी)। भारत ने चीनी सेनाओं के खिलाफ ऊंचाई वाले इलाकों में प्रभावी मुकाबला करने के लिए राजस्थान के जोधपुर में हल्के टैंक जोरावर का सफलतापूर्वक शुरुआती ऑटोमोटिव परीक्षण पूरा किया है।यह टैंक विशेष रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में तैनाती के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां चीन ने हल्के टैंकों की तैनाती की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस टैंक ने असाधारण प्रदर्शन किया और रेगिस्तानी इलाकों में निर्धारित किए गए टास्क को कुशलतापूर्वक पूरा किया।डीआरडीओ और एलएंडटी डिफेंस ने मिलकर 25 टन वजन के हल्के टैंक को विकसित किया है, जिन्हें मुख्य रूप से त्वरित तैनाती के लिए तैयार किया गया है।पहले इस तरह के टैंकों को विकसित करने के लिए जर्मनी से बातचीत चल रही थी, लेकिन जर्मन कंपनी इंजन की आपूर्ति में समय पर प्रतिबद्ध नहीं हो सकी।इस देरी के कारण अमेरिकी कंपनियों से जुड़ने का निर्णय लिया गया और अमेरिकी कंपनी कमिंस के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया।भारतीय सेना के अनुसार, लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए 350 से अधिक हल्के टैंकों की आवश्यकता है।इनमें से एलएंडटी-डीआरडीओ 59 टैंकों का निर्माण करेगी, जबकि बाकी टैंकों का उत्पादन अन्य भारतीय कंपनियों द्वारा बोली प्रक्रिया के बाद किया जाएगा।

कोलकाता केस में संदीप घोष, एसएचओ गिरफ्तार

- **सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप; प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने खुशी मनाई**

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले में शनिवार को सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और एक थाने के एसएचओ अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। अभिजीत मंडल ताला पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफीसर के पद पर तैनात हैं। शनिवार देर रात उसे मेडिकल टेस्ट के लिए बीआर सिंह अस्पताल लाया गया। इसके बाद सीबीआई उसे कोलकाता के स्पेशल क्राइम ब्रांच ले गई। संदीप घोष और अभिजीत मंडल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रर्दशन कर रहे डॉक्टरों ने खुशी मनाई। डॉक्टरों ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर सीबीआई के इस कदम की सराहना की। आरजी कर मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संजय रॉय को कोलकाता पुलिस ने वारदात के दूसरे दिन गिरफ्तार किया था। वहीं, संदीप घोष को सीबीआई पहले ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई ने उनका पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया था।

जम्मू-कश्मीर विस चुनाव: विमर्श के विषय

प्रवीण गुगनानी

कश्मीर में 05 अगस्त 2019 के पश्चात जो नया अध्याय प्रारंभ हुआ था उसने लगभग तीन वर्षों का कोरोना कालखंड का दंश भी झेला है। कोरोना के बाद भी कश्मीरी पर्यटन आज सफलता के नये आयाम छू रहा है तो इसके पीछे दिल्ली और श्रीनगर में स्थापित नये शक्ति-सूत्र ही कार्य कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता दिल्ली को और अधिक मजबूती से पकड़ेगी और नये युग का आरंभ करेगी।

उस जमाने की बात याद है, जब प्रत्येक राष्ट्रीय कानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर) लेकिन अब देश में वैसा नहीं होता। जम्मू कश्मीर अब शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे, उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी-20 का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है।

अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, वे अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फारूख अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। अनुच्छेद 370 के उन्मूलन के बाद बना था- गुपकार गठबंधन। गुपकार गठबंधन चाहता है कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतार कर अनुच्छेद 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था 'प्रथम द्दष्टया, हम 370 को निरस्त करने के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।' 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने 370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?

शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फारूक अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य के साथअनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर इनके साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- 'अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़ कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है? शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक बॉम्ब टॉय है और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं।

डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के 'एक देश, एक विधान, एक प्रधान' के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्प शक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्मू और कश्मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है।

भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए, जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब्लॉक डवलपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स्तर के चुनाव में भी यही गाथा दोहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्मान योजना में 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्मू-कश्मीर में रहने वाले व्यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छह हजार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्मू-कश्मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हजार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है।

इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हजार नौकरियों के लिए भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं, जिसमें लगभग सात हजार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य लिख रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पाँच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्मू को अपना कैंपस और एम्स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ चिनाब पर विश्व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक़्शे पर आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई योजनाएँ प्रारंभ हो रही हैं।

एक समय था जब कश्मीर के जंगल उजाड़ कर देशभर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खूँ गाँव देशभर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल और बड़ी मात्रा में क्रिकेट बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है। सबसे बड़ी बात कि इसके लिए वह अपने अमूल्य देवदार के वृक्षों को नहीं काट कर पर्यावरण सुरक्षा भी कर रहा है। पहले कश्मीर से पेंसिल की लकड़ी जाती थी, अब वैल्यू एडिशन के साथ पेंसिल जाती है और स्थानीय बहुमूल्य लकड़ी भी नहीं काटी जा रही है।

कश्मीर में दस वर्षों बाद होने जा रहे विस चुनाव में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी। जम्मू व श्रीनगर में मेट्रो रेल प्रारंभ होगी। किसानों का बिजली बिल आधा ही लिया जाएगा। सौ हिंदू मंदिरों का पुनर्निर्माण करके कश्मीरी संस्कृति को सुरक्षित किया जाएगा। भाजपा प्रत्येक कश्मीरी महिला को 18 हजार रुपये प्रतिवर्ष व प्रति वर्ष दो गैस सिलेंडर भी निःशुल्क देगी। वृद्धावस्था, विधवा और विकलांगता पेंशन को एक से तीन हजार रुपये कर दिया जाएगा।

कश्मीर में 05 अगस्त 2019 के पश्चात जो नया अध्याय प्रारंभ हुआ था उसने लगभग तीन वर्षों का कोरोना कालखंड का दंश भी झेला है। कोरोना के बाद भी कश्मीरी पर्यटन आज सफलता के नये आयाम छू रहा है तो इसके पीछे दिल्ली और श्रीनगर में स्थापित नये शक्ति-सूत्र ही कार्य कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता दिल्ली को और अधिक मजबूती से पकड़ेगी और नये युग का आरंभ करेगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

कानून रौंदती सरकारें

अपराध में शामिल होना, किसी की संपत्ति को ढहाने का आधार नहीं हो सकता, बुलड़ोजर से देश का कानून रौंदा जा रहा है, यह सुप्रीम कोर्ट ने कहा। सुप्रीम कोर्ट गुजरात के खेड़ा जिले के एक परिवार की अपने घर पर बुलड़ोजर कार्रवाई की धमकी के खिलाफ याचिका दायर पर सुनवाईकर रहा था। तीन जजों की बेंच ने कहा कि एक सदस्य द्वारा कथित अपराध के लिए पूरे परिवार का घर गिरा कर दंड़ित नहीं किया जा सकता। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी ने अपराध किया है या नहीं, यह सिर्फ अदालत ही तय कर सकती है। अदालत ने नोटिस जारी कर राज्य सरकार से चार हफ्तों में जवाब भी मांगा है। इससे पहले भी शीर्ष अदालत ने बुलड़ोजर कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश जारी करने की बात की थी। आरोपियों के खिलाफ बुलड़ोजर एक्शन की उप्र की योगी सरकार ने की थी। देखा-देखी मप्र, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्य भी यही तरीका इख्तियार करने लगे। किसी भी दोषी पर आरोप सिद्ध हुए बगैर सरकार ऐसा कोई कदम उठाने को स्वतंत्र नहीं है। बावजूद इसके विवादित मामलों, अपराधियों और राजनीतिक लाभ के लोभ में राज्य सरकारें अपनी ताकत दशार्ने के लिए लगातार कानून की अवमानना कर रही हैं। जब तक आरोप सिद्ध नहीं होता, तब तक किसी तरह का निर्णय थोपा जाना अनुचित है। कानूनी तौर पर निर्मित इमारत पूरे परिवार या कुनबे के किसी अन्य सदस्य के नाम होने पर भी उसे यूं ढ़हाया जाना न्यायोचित नहीं हो सकता। जैसा कि पीठ ने कहा, अपराध तय करना अदालत का काम है। इसमें अति उत्साह में सरकार का बिला-वजह हस्तक्षेप कानून को हाथ में लेना है जबकि शहरों-महानगरों में व्यस्त बाजारों, मंहगे इलाकों व आबादी के बीच होने वाले अतिक्रमणों से जनता आजिज आ चुकी है। उन पर बुलड़ोजर चलाने या उन्हें ढ़हाने की कोई बात नहीं की जाती। अपराधियों और माफिया पर नकेल कसने के अन्य तरीकों पर सरकारों को कार्रवाई करनी चाहिए। सजा सिर्फ अपराधी को ही मिले। उसके समूचे परिवार को बेघर कर सड़क पर ला देना न्यायोचित नहीं है।

चिंतन-मनन

प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं। अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञासु तथा सचेत रहा जाए। जो जिसके विषय में जितना अधिक जिज्ञासु एवं सचेत रहता है, वह उसकेविषय में उतनी ही गहरी खोज करता है और निश्चय ही उसे पा लेता है। आत्मा के विषय में अधिक से अधिकजिज्ञासु एवं सचेत रहिए।

'निर्भयाओं' को निर्भय बनाने के प्रयास और सख्ती के प्रावधान

पश्चिम बंगाल का आरजी कर प्रकरण भले आज उबाल ले रहा हो पर 2012 के निर्भया कांड के बाद हुई सख्ती के बावजूद ऐसी घटनाओं का बंद होना तो दूर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे। जैसे कठोर सजा प्रावधान भी बेअसर हो रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध वाले प्रकरणों का न्यायालयों में निस्तारण भी तेजी से हो रहा है। करीब 90 प्रतिशत तक प्रकरणों का न्यायालयों से निस्तारण किया जा रहा है। लेकिन महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ समय गुजरते ही देश में कहीं ना कहीं निर्भया जैसे नृशंस कांड हो रहे हैं जो देश को हिलाकर रख देते हैं।

कोलकता आरजी कर अस्पताल में रेप व हत्या की घटना के बाद जिस तरह देशव्यापी माहौल बना, उसके चलते पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिमी बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधानसभा से पारित हो गया। सवाल यह नहीं है कि कानून कितना सख्त बनाया गया है। सवाल यह भी नहीं है कि कानून में किस तरह से जांच से लेकर सजा तक की समय सीमा तय की गई है। सवाल यह है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद जिस तरह से कानून में बदलाव कर सख्ती के प्रावधान किये गये, जिस तरह से पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की बात हुई और जिस तरह से देश में त्वरित न्याय के लिए फास्ट ट्रेक स्पेशल अदालतें और पाक्सो अदालतें बनाई गई उसके बाद भी हालात में बदलाव क्यों नहीं दिखाई दे रहे हैं।

दिसंबर 2012 में निर्भया कांड को लेकर जिस तरह देशव्यापी आक्रोश देखने को मिला उसके बाद 2013 में नया आपराधिक कानून लाकर सरकार ने सख्ती की मंशा दिखाई इसके बावजूद सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 2015 में किशोर न्याय अधिनियम के माध्यम से 16-18 साल के दोषियों को भी कोई रियायत नहीं देने के प्रावधान किये गये और 2019-20 में 1023 फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट का गठन और 389 पॉक्सों कोर्टो के गठन के बावजूद अपराधियों में किसी तरह भय का वातावरण नहीं बना है। उज्जैन, अयोध्या और इसके बाद आरजी कर प्रकरण से साफ हो गया है कि भले ही अब ममता सरकार ने नया अधिनियम पारित करा लिया हो पर तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि ऐसे मामलों में भी लोग राजनीतिक फायदा-नुकसान को देखकर प्रतिक्रिया देते हैं। मानवता के लिए इससे अधिक कलंक की दूसरी बात क्या होगी।

आंकड़ों में देखें तो निर्भया कांड के समय ऐसे 24915 मामले सामने आये थे तो साल 2016 में सर्वाधिक 38947 अपराध सामने आये। 2020 के कोरोना काल में अवश्य 28046 मामले आये अन्यथा आंकड़े 30 हजार से अधिक ही रहे। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के इस तरह के 31516 मामले आए। यानी 2012 के निर्भया कांड और उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप देश ही नहीं विश्वव्यापी आक्रोश व जनचेतना के बावजूद ऐसे अपराधों में कमी नहीं आई। सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद अपराधी प्रवृति के लोग इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते आ रहे हैं।

साफ है कि कानून बनाने या सख्त सजा व त्वरित न्याय की व्यवस्था एक बात है और समाज को अपराध विहीन बनाना दूसरी बात। इसके लिए हमें हमारे मूल्यों और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा। महिलाओं की इज्जत करना, उनके सम्मान की रक्षा करना सीखना और सिखाना होगा। नहीं तो कानून के डर से अपराध कम हो जाएंगे, यह सोचना एक हद के बाद सही नहीं हो सकता।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

विश्व ओजोन दिवस: चिंता का सबब बनता ओजोन परत का क्षरण

नरेन्द्र भारती



16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2024 का विषय है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना'। विश्व ओजोन दिवस का यह विषय ओजोन परत की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर व्यापक जलवायु कार्रवाई पहलों को आगे बढ़ाने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के द्दष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्रायः कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

जिला अध्यक्ष श्री धीरेंद्र शुक्ला की कार्य शैली से कांग्रेस के बढ़ते कदम, वाल्मीक समाज हुआ कांग्रेस का मुरीद,

संस्कार उजाला

उरई जालौन ,आज दिनांक 15 सितंबर दिन रविवार को कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन में जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने प्रेस वार्ताके दौरान बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद उत्तर प्रदेश के प्रभारी माननीय अविनाश पांडे जी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री माननीय अजय राय जी के आशा के अनुरूप एवं राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक प्रभारी बुंदेलखंड म' नीलांशु चतुर्वेदी जी एवं उत्तर प्रदेश के महासचिव प्रभारी जालौन राहुल आचार्य जी के अनुमोदन पर कांग्रेस अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष माननीय आलोक प्रसाद जी ने जनपद जालौन के अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष पद पर श्री देवेंद्र कुमार वाल्मीकि को नियुक्त किया जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने अपनी कमेटी के साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति के देवेंद्र वाल्मीकि का जोरदार स्वागत किया प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि मैं देवेंद्र वाल्मीकि जी को काफी समय से जानता हूं मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि देवेंद्र वाल्मीकि जी पूरी जनपद में संगठन के अनुरूप और अपनी पार्टी की नीतियों को समूचे जनपद में प्रचार प्रसार करके अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़के जी एवं उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष माननीय अजय राय जी के हाथ और मजबूत करने का अथक प्रयास करें और बहुत जल्द अपनी कमेटी की घोषणा भी करें जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के द्वारा बाल्मिक समाज से जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बाल्मिक समाज में हर्ष उल्लास का माहौल है सभी बाल्मिक समाज ने एक राय होकर धीरेंद्र शुक्ला जिंदाबाद के नारे लगाए और कहा शुक्ला जी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगाए जबसे धीरेंद्र शुक्ला को जिला कांग्रेस कमेटी का जिला अध्यक्ष बनाया गया है तब से हर बिरादरी का झुकाव कांग्रेस की ओर बढ़ता जा रहा है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रभारी मुहम्मद फैजान उलहक, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला पटेल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश बुधौलिया जी वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला महासचिव सीताराम वर्मा जी आदि लोग उपस्थित रहे

बाढ़ ग्रस्त इलाके का निरीक्षण कर मंडलायुक्त ने बांटी राहत सामाग्री

बाढ़ का पानी उतरने के बाद फैलने वाली बीमारियों की प्रति सावधान रहने के निर्देश

संस्कार उजाला

माधौगढ़, जालौन । मंडलायुक्त झांसी ने जालौन की नदियों में आई बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण कर पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की व राहत सामग्री का वितरण कर बाढ़ का पानी के उतरने के बाद फैलने वाली बीमारियों से सजग रहने को कहा । मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुवे ने आज जनपद जालौन के बाढ़ पीड़ित रामपुरा कोंच नदीगांव क्षेत्र का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करके राहत सामग्री का वितरण किया । रामपुरा में आईटीआई पर बने अस्थाई राहत शिविर में मौजूद अनेक गांवों के बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री का वितरण करते हुए आश्वस्त किया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी , तदुपरांत रामपुरा स्थित कान्हा गौशाला पर पहुंचकर मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी जालौन ने गायों को चना और गुड़ खिलाया । जिला प्रशासन के सौजन्य से बाढ़ पीड़ितों को भोजन के लिए कान्हा गौ शाला में संचालित अस्थाई किचन में बन रहे रहे भोजन की गुणवत्ता को चखकर परखा एवं व्यवस्था की सराहना की । मंडलायुक्त ने पांच नदियों के संगम स्थल पंचनद पर पहुंचकर अलग-अलग नदियों (यमुना,चंबल,सिंध,क्वांरी,पहूज) की उफनती जलधाराओं को देख जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे से प्रत्येक नदी में पानी की स्थिति एवं बाढ़ से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने बताया कि वर्षा ऋतु के जाते-जाते विभिन्न नदियों में आई बाढ़ के कारण लगभग 20 गांव प्रभावित हुए हैं लेकिन कोई जनहानि या पशु हानि नहीं हुई है। जो बीस गांव बाढ़ से प्रभावित हुए है उनके निवासियों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है एवं उनके भोजन पानी का समुचित प्रबंध किया गया है । उन्हे खाना बनाने हेतु आटा चावल दाल मसाला गुड़ चना आदि आवश्यक खाद्यान्न का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया की नदियों में बड़े हुए पानी का जलस्तर घटना प्रारंभ हो गया है आने वाले दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी । मंडलायुक्त श्री दुवे ने सावधान किया कि बाढ़ का पानी घटने के बाद नदियों के तटवर्ती इलाकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना बनी रहती है इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की अनेक टीम सक्रिय है जगह-जगह चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं एवं बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य किट वितरित की जा रही है इसमें विभिन्न प्रकार की

बीमारियों से बचाव हेतु दवाएं उपलब्ध है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन डी शर्मा को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में कोई हीला हवाली ना हो । इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से भी अपेक्षा की कि पानी के उतरने बाद नदियों के तट पर ना जाएं क्योंकि पानी के उतरने के बाद वहां अनेक प्रकार की गैस निकलती है जिससे बीमारी फैलने की संभावना रहती है। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जैसे ही नदियों में पानी बढ़ने की सूचना मिली तत्काल एनडीआरफ के जवान एवं 20 मोटरबोट की मदद एवं जिलास्तरीय संसाधनो से हर स्थिति से निपटने की योजना को मूर्ति रूप दिया गया । बाढ़ से कृषि क्षेत्र में हुई खेती के नुकसान की क्षतिपूर्ति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि लगभग 2200 हेक्टेयर फसल बाढ़ से प्रभावित हुई है । पानी उतरने के बाद हुए नुकसान का सर्वे करवाया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे ,अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार , अपर जिलाधिकारी जालौन , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० एन डी शर्मा, उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल , क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह ,तहसीलदार/खंड विकास अधिकारी पवन पटेल (पीसीएस), प्रदीप कुमार राजपूत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रामपुरा सहित स्थानीय अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

संक्षिप्त डायरी

सिंभावली रेलवे स्टेशन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने डिजिटल इंडिया की खुफिया तीसरी आंख से कोसों दूर

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के सपने डिजिटल इंडिया की तीसरी आंख खुफिया नजर से कोसों दूर नजर आ रहा है। सिंभावली रेलवे स्टेशन जबकि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा भारत को डिजिटल इंडिया बनाते हुए ग्रामीण आचल क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र के हर चौराहे पर बाजारों में शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे सुसज्जित रूप से लगे हुए हैं। लेकिन सिंभावली रेलवे स्टेशन सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे की नजर से बाहर नजर आ रहा है। जबकि इस स्टेशन से महत्वपूर्ण ट्रेनों के गुजरने के साथ प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में इंटर कॉलेज/डिग्री कॉलेज होने के चलते स्कूली छात्र-छात्राओं का आवागमन भी रहता है। लेकिन सब कुछ आज के दौर में कंप्यूटर कृत होने के बावजूद भी रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों से वंचित होने के चलते स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था रामभरो से चल रही है।

तेज रफ्तार ऑटो का पहिया निकलने पर टला बड़ा हादसा महिला सहित कई सवारियां हुई घायल

संस्कार उजाला

जिला प्रभारी अमित शर्मा

हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव अट्टा मोड़ के पास रोड पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे ऑटो का पिछला पहिया निकलने से ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिसमें ऑटो में बैठी सवारियां घायल हो गई। घायलों में एक महिला सवारी को गंभीर चोटें आई है। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता तत्काल मौके पर पहुंचे। और सभी घायल सवारियों को थाना प्रभारी ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। गनीमत रही की एक बड़ा हादसा टल गया। यदि यह तेज रफ्तार आटो हाइवे पर पलट जाता तो हो सकता था बड़ा हादसा।

एसपी ने अंडर प्रशिक्षु सीओ पीयूष का प्रशिक्षण कार्यकाल पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद के लिए प्रस्थान करने पर फूल-मालाएं पहनकर दी भावभीनी विदाई

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना प्रभारी के पद पर तैनात रहने वाले अंडर ट्रेनिंग पुलिस उपाधीक्षक पीयूष का हापुड़ जनपद में प्रशिक्षण कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत जनपद हापुड़ से डा.भीमरावअम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद के लिए प्रस्थान करने पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन कर फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी दी गई विदाई। आयोजित समारोह के दौरान एडिशनल एसपी विनीत भटनागर सहित अन्य पुलिस कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

दीवान कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

हापुड़/ दीवान कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 14 सितंबर 2024 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर बीएड विभाग के द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसका प्रमुख विषय है हिन्दी- पारंपरिक भाषा ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक रखा गया जिसमें बीएड पाठ्यक्रम के छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। तथा आज के इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रवक्ता धर्मवीर सिंह ने किया, कार्यक्रम के अवसर पर विभाग के सभी प्रवक्ता गणों ने हिंदी दिवस पर अपने अपने विचार रखे। तथा बताया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। साथ ही भारत के सभी राज्यों के अलग-अलग विभिन्न धर्म, जाति, संस्कृति, वेशभूषा व खानपान वाले लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। साथ ही बी एड पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने हिंदी दिवस के इस अवसर पर कविताएं, दोहे एवं भाषण प्रस्तुत किये।

कर्मचारी आवास का प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने फीता काटकर किया लोकार्पण।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

सोनभद्र। प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद सौरभ श्रीवास्तव ने आज वाहय न्यायालय ओबरा परिसर में स्थित अधिकारी आवास, टाइप 5 एवं कर्मचारी आवास टाइप फर्स्ट व सेकंड का फीता काटकर लोकार्पण किये, इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बीङ्क एनङ्क सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, सहित सम्मानित न्यायाधीशगण, उप जिलाधिकारी ओबरा एवं परियोजना प्रबंधक सी0एन0डी0एस उपस्थित रहें। इसके पश्चात प्रशासनिक न्याय मूर्ति माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद सौरभ श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश रविन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बीङ्कएनङ्क सिंह, पुलिस

03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय।

संस्कार उजाला

क्राइम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15 .09 .2024 को भिन्न-भिन्न मामलों में कुल 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों में जयमूरत पुत्र स्व0 सहदेव चेरो निवासी ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उम्र करीब 58 वर्ष, बाबूराम पुत्र स्व0 शिवनारायन गोड़ निवासी ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उम्र करीब 38 वर्ष, रामसूरत पुत्र स्व0 छोटे धांगर नि0 भीखमपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उम्र करीब 48 वर्ष है।

चकबंदी के कार्रवाई से पीड़ित किसान के साथ जमीन बचाओ कार्यक्रम संपन्न।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

भैसवार/सोनभद्र।

भैसवार में चकबंदी के कार्रवाई से पीड़ित किसान जमीन बचाओ के साथ कार्यक्रम रखा किसान अपनी समस्या मंच के साथ साझा किया कि भ्रष्ट अधिकारियों वू माफिया के खिलाफ आगे भी जन आंदोलन करने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम के संयोजक भारतीय समुदाय कार्यकर्ता मंच भारत जनवादी किसान सभा के सचिव संरक्षक उपस्थित होकर समस्याओं को सुना जाना तथा साथ में मिलकर संघर्ष करने का वादा किया इस ग्राम के चकबंदी की समस्या अब गांव स्तर से गांव के बाहर भी लड़ी जाएगी क्योंकि ईश्वर जैसा भू माफिया वह अधिकारियों की मिली भगत से जमीन की लूट कहीं ना कहीं हुआ है मुख्य अतिथि डॉक्टर संदीप पांडे रमन मैगसे पुरस्कार विजेता जनसभा को संबोधित कर कहा कि भैसवार के किसान साथियों के साथ लंबी लड़ाई लडूंगा बहुत ही जल्द धरना प्रदर्शन लखनऊ में किया जाएगा अरविंद मूर्ति संयोजक भारतीय कार्यकर्ता मंच ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी किसान मजदूर के समस्याओं का नहीं किया गया तो बहुत बड़ा आंदोलन लखनऊ में किया जाएगा इस सभा में उपस्थित रहे बिरजू कुशवाहा बृजेश कुमार सिंह पूर्व प्रधान संजय कुमार यादव परमानंद सिंह रामपाल पटेल गजेंद्र बहादुर सिंह ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह अवधेश कुमार मौर्य उर्फ बेचू पूर्व प्रधान निर्विरोध हीरावती देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

03 नफर वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

ओबरा/सोनभद्र।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल निर्देशन में थाना ओबरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.09.2024 को भिन्न-भिन्न मामलों में कुल 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजबहादुर पुत्र स्व0 ललई निवासी बिल्ली मारकुण्डी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र 37 वर्ष, इमरान अंसारी पुत्र सत्तार अंसारी निवासी बिल्ली पोखरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र 33 वर्ष, रविन्दर पुत्र अनिरूद्ध जायसवाल निवासी खैरटिया थाना ओबरा सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष है।

मण्डलायुक्त द्वारा डीएम एडीएम के साथ किया गया रामपुरा पंचनदा आदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

संस्कार उजाला

उरई(जालौन)। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) संजय कुमार ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुरा, पचनदा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तहसील माधौगढ़, रामपुरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वासियों को राहत सामग्री का वितरण किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री आप तक पहुंचाई जा रही है आप लोगो को घबराने की जरूरत नही है, प्रदेश सरकार जिला प्रशासन आपके साथ है। राहत शिविर केम्प परिसर में ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया है, उन्होंने ग्रामवासियो

से कहा कि बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, मेडिशन किट उपलब्ध कराई जा रही है, आपको बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन दवाइयों का प्रयोग करना है। उन्होंने कम्युनिटी किचिन में बन रहे खाने को स्वयं चखकर खाने की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में हर संभव मदद का प्रयास किया जाए साथ ही कहा कि खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद जालौन के लगभग 20 गांव बाढ़ में है लेकिन अभी तक कोई जनहानि और पशुहानि नही हुई है। जिला प्रशासन की मदद से उनको सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया। जिला प्रशासन द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है सभी जगह कम्युनिटी किचिन चल रही है। उन्होने कहा कि अभी पानी का स्तर घट रहा है लगभग स्थिति सामान्य है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जहां पानी में डूबने से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु प्रारंभिक सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। लगभग जनपद में 2150 एकड़ भूमि पर कृषि के प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को फसलों में हुए नुकसान के सर्वे का आदेश दिया गया है। लेखपाल विस्तृत सर्वे रिर्पोर तैयार कर कृषि बीमा योजना और राहत मद से कार्यवाही के निर्देश दिये गये। वहीं जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर पशुओं को भूसा व टीकाकरण का कार्य भी तेजी से सुनिश्चित करेंगे, जिससे पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला जज द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ किया गया हिन्दी पखवाड़ा का भी फीता काट कर उदघाटन, राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में 1 लाख 30 हजार मामलों का किया गया निस्तारण

संस्कार उजाला

उरई (जालौन)। जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव द्वारा गत दिवस आयोजित की गई राष्ट्रीय लोक अदालत का फीता काटने के उपरान्त मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित करते हुये विधिवत उद्घाटन किया गया। जनपद की सभी तहसीलों मे स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। साथ ही जनपद न्यायाधीश द्वारा हिन्दी दिवस के मौके पर हिन्दी पखवाड़ा 14 सितम्बर से 21 सितम्बर 2024 तक मनाने के कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश के अलावा प्रधान न्यायाधीश श्री मनोज कुमार गौतम, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री अनिल कुमार वशिष्ठ, जिलाधिकारी श्री राजेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा0 दुर्गेश सिंह व समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोकअदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजीव सरन द्वारा बताया गया कि आज माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जिला जज द्वारा 42 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु0 41908101/- रू0 धनराशि पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 32 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामलों में 1142500/- रू0 पीड़ित महिलाओं को दिलाये। इनके द्वारा 04 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये

गये। अपर कुटुम्ब न्यायाधीश श्रीमती अमृता शुक्ला द्वारा 78 मुकदमों का निस्तारण किया गया। उन्होंने भरण पोषण के मामलों में 1275500/- रू0 पीड़ित महिलाओं को दिलाये। इनके द्वारा 06 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। उन्होंने प्री-लिटिगेशन के मामलों में 2860000/- रू0 पीड़ित महिलाओं को दिलाये। उनके द्वारा इन वादों में उभय पक्ष के मध्य सौहार्दपूर्ण समझौता कराया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्री अनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा 65 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को 6100000/-रू धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी। जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार द्वारा 06 मुकदमो का निस्तारण करते हुये 904262/- रू0 याचीगण को दिलवाये गये। इसी क्रम में स्थायी लोक अदालत (पी0यू0एस0) के अध्यक्ष श्री राजवर्धन गुप्ता द्वारा भी 04 मुकदमा में पक्षकारों के मध्य सुलह कराते हुये उन्हें विवाद से राहत प्रदान की गयी। अपर जिला जज-प्रथम श्री शिवकुमार द्वितीय द्वारा 03, विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/ एस0टी0 एक्ट) श्री प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा 05, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) श्रीमती पारुल पनवार द्वारा विशेष प्रयास करते हुये विद्युत अधिनियम के 137 मुकदमों का निस्तारण किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद कमर द्वारा 02 मुकदमे का एवं श्री भारतेन्द्र सिंह द्वारा भी 08 मुकदमा का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे द्वारा कुल 2665 आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सी0डि0 श्री अर्पित सिंह द्वारा दीवानी के 7 फौजदारी के 23 सिविल वादो में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। सिविल जज सी0डि0/एफ0टी0सी0 श्रीमती अनुकृति सन्त द्वारा फौजदारी के 57 दीवानी के 02 सिविल जज जू0डि0 उरई श्रीमती प्रियंका सरन द्वारा दीवानी के 06 एवं फौजदारी के 101 एवं वाह्य न्यायालय कोंच के न्यायिक अधिकारी सुश्री उमैमा शहनवाज द्वारा दीवानी के 04 एवं फौजदारी के 202, अपर सिविल जज (जू0डि0) कोंच श्री मोहित निर्वाल द्वारा 02 दीवानी प्रकृति के 01 एवं फौजदारी प्रकृति के 369, सिविल जज जू0डि0 जालौन श्री जावेद खान द्वारा वैवाहिक वाद 02 एवं फौजदारी के 542 अपर सिविल जज जू0डि0 जालौन श्रीमती वन्दना सिंह के द्वारा दीवानी के 02 और कालपी दीवानी न्यायालय के न्यायिक अधिकारी सुश्री इशिता सिंह द्वारा दीवानी के 02 एवं फौजदारी के 599 प्रशिक्षणरत न्यायिक अधिकारी श्री विनय चाहर और विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम उरई श्री चन्द्रभान सिंह द्वारा फौजदारी के 21 एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय उरई श्री राजा सिंह द्वारा फौजदारी के 04 मामलों का निस्तारण करते हुये समस्त मजिस्ट्रेटों द्वारा रु० 49680/- अर्थदण्ड की राशि राजकीय कोष में जमा की गयी। आपराधिक प्रकरणों में विभिन्न न्यायालयों द्वारा 253520/-रू0 बतौर जुमार्ना धनराशि अभियुक्तों से राजकीय कोष में जमा करायी। आज राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले की विभिन्न बैंकों के बकाया ऋण के 263 मामलों में समझौता कराया गया। इनके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट और तहसीलदार न्यायालयों द्वारा राजस्व संहिता और फौजदारी के कुल 2494 मामलों सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रकृति के 118571 मामले निस्तारित किये गये। आज लगभग एक लाख तीस हजार मामलों को निस्तारित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

जलझूलनी एकादशी पर अमृत सरोवर पर मनाया गया भव्य महोत्सव

☛डोल ग्यारस पर विशाल शोभा यात्रा व भगवान की निकाली गयी विमान यात्रा

संस्कार उजाला

माधौगढ़ (जालौन):- विकास खंड नदी गांव की ग्राम पंचायत खकसीस में डोल ग्यारस (जलझूलनी एकादशी) का पर्व भव्य तरिके से मनाया गया गांव में भगवान की मूर्तियों को लेकर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गयी इस यात्रा को विमान यात्रा कहा गया यह शोभा यात्रा गांव में भ्रमण करते हुए अमृत सरोवर तालाब पहुंची जहां पर भगवान की मूर्तियों का जलाभिषेक करवाया गया उन्हें सरोवर में जलविहार करवाया गया शोभा यात्रा के अंत में ये विमान वापस मंदिरों में पहुँचे। ग्राम प्रधान खकसीस अनिल शिवहरे ने भव्य आयोजन किया यह आयोजन का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहाकि एकत्रित गांव इस जल विहार व विशाल शोभा यात्रा के लिए उत्साहित दिखाई दिया है उनका कहना है कि हिंदू परम्परा को बढ़ावा देने एवं युवाओं को उत्साहित देखकर ऐसे प्रयोजन करना समाज के किये जरूरी है हमारी सस्कृति को जीवित रखने के लिए इस प्रकार के प्रयोजन आवश्यक है डोल ग्यारस पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी एवं विराजमान मंदिर में मूर्तियों की विमान यात्रा निकाली गयी यात्रा के दौरान डोल लगाड़े एवं डीजे की धुन पर थिरकते हुए श्रृद्धालुओं ने आनंद लिया यह यात्रा नगर भ्रमण करते हुए गांव स्थित अमृत सरोवर पहुंची जहां पर भगवान की मूर्तियों को जलाभिषेक करवाया गया एवं मनोरमणीय लाइटो से जगमगाता हुए सरोवर में भगवान को जल विहार करवाया गया जल विहार के सुंदर दृश्य को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रृद्धालु साक्षी रहे जिन्होंने भगवान के जल विहार का आनंद लिया इस अवसर पर अनूप पारासर , रामकेश शिवहरे , भगवती शरण दुवे , वीरेंद्र अवस्थी , नीतू महाराज , विकास शिवहरे , सोनू शिवहरे , लला परासर , गोपाल कुशवाहा , रामशंकर शिवहरे , रामनारायण शिवहरे , अंजनी शिवहरे , प्रदीप नगाईच ,आलोक जाटव , कृष्ण कुमार यादव , रामकेश पाठक , राजू पाठक , रामकुमार राजावत , राघवेंद्र शिवहरे , शीपू मुकेश पाल, गोपाल शिवहरे, रामकेश पाठक,राजू पाठक, महेंद्र शिवहरे,आदि मौजूद रहे।

कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निदेर्शानुसार जनपद में ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना, सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 05 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए । इसके अतिरिक्त 01 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई । काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

संक्षिप्त डायरी

जलप्रभाव के मद्देनजर डीएम एसपी ने निरीक्षण कर किया निर्देशित

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
जिलाधिकारी बांदा नगेन्द्र प्रताप एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा शनिवार को यमुना नदी के बढते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुए चिल्ला घाट पुल पर पहुंच कर जल स्तर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी पेलानी से सम्भावित बाढ की स्थित में आने वाले प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के चिल्ला घाट यमुना पुल पर जल प्रवाह की स्थिति का जायजा लेते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों से यमुना नदी के जल स्तर बढने से ग्रामों की जानकारी करते हुए बाढ की स्थिति उत्पन्न होने पर राजस्व कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्राधिकारी पुलिस को पुल के पास पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये।

हिन्दी दिवस समारोह जिला न्यायालय भवन में आयोजित किया गया

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
बांदा जनपद न्यायाधीश डॉ० बब्बू सारंग की अध्यक्षता में अखिल भारतीय हिन्दी विधि प्रतिष्ठान जनपद बांदा के तत्वाधान में हिन्दी दिवस समारोह जिला न्यायालय भवन में आयोजित किया गया। हिन्दी दिवस कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश डाङ्ग बब्बू सारंग ने संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा का अपना विशेष महत्व है एवं यह भाषा अधिकतम लोंगो द्वारा प्रयोग की जाती है। हिन्दी भाषा का विस्तार हो रहा है। हिन्दी हमारी मातृ भाषा है, जो कि सरल एवं आसानी से लोंगो को समझ आने वाली भाषा है। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने हिन्दी भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोंगो, जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री बीङ्गडीङ्ग गुप्ता, न्यायिक अधिकारी, गरिमा सिंह, अर्पिता साहू, तथा, न्यायालय के कर्मचारी जितेंद्र कुमार, प्रेम बाबू, अजय वर्मा एवं रोहित कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश, एससी/ एसटी विकास श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हिन्दी को अग्रणी भाषा के रूप में विकसित करना है, इसलिए अधिक से अधिक अपने कार्यों में इस भाषा को अपनाया जाए। हिन्दी भाषा का विश्व पटल पर प्रभाव व उपयोग बढता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि हिन्दी भाषा कई देशों में जानी व समझी जाती है। अपर जिला जज / सचिव ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने कहा कि विश्व में हिंदी की लोकप्रियता बढ़ रही हैं ' इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने हिन्दी दिवस के अवसर पर लोंगो को बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी भाषा दुनिया के कई विश्व विद्यालयों में पढाई जाती है। उन्होंने हिन्दी भाषा को अधिक से अधिक लोंगो द्वारा उपयोग करने पर जोर दिया। हिंदी दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित ने कहा कि हिंदी भाषा सरल,संस्कार युक्त व समृद्धसल भाषा है। हिंदी हमारी मातृभाषा है। हिंदी भाषा को अधिक से अधिक उपयोग करने के साथ इसके विस्तार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बार संघ एसोसिएशन के महामंत्री राम प्रकाश शिवहरे, डॉ० रामगोपाल गुप्ता, जवाहरलाल जलज ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के समस्त न्यायाधीशों सहित अधिवक्तागण, साहित्यकार, कवि एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद के महासचिव विद्यासागर द्विवेदी द्वारा किया गया।

सूचना देने के पश्चात भी जिम्मेदारों ने नही कराया गोवंश जा अंतिम संस्कार

खुले में गौवंश के शव होने से वातावरण दूषित
कुत्ते, चील कौवे नोचकर फैला रहे गंदगी

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
सुबह से खुले में पड़ा रहा गौवंश, नोचते रहे कौवे और कुत्ते। बांदा में गौ रक्षा समिति के पदाधिकारी उमेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग नरैनी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नगवारा में आए हुए थे जहां पर दो दिन पहले एक अज्ञात वाहन द्वारा एक गौवंश का एक्सीडेंट हो गया था, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था जिसकी जानकारी मिली तो पशु चिकित्सक द्वारा उसका सफल इलाज कराया गया लेकिन उसको सही जगह पर सुरक्षित न करने के कारण वह भूंख और प्यार से तड़प का आज सुबह ही मृत हो गया था। बताया गया कि वह मृत गौवंश अभी भी रोड किनारे हुए नगवारा ग्राम पंचायत के बाहर पड़ा हुआ है। जिसे कौवे और कुत्ते नोच रहे थे जिसकी जानकारी लगभग दोपहर को 2:00 बजे नरैनी के खंड विकाश अधिकारी प्रमोद कुमार और ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव तथा उपजिलाधिकारी अतर्रा को अवगत कराया गया था कि इस मृत गौवंश को सम्मान पूर्वक दफन कर दिया जाए, जिसका हमको आश्वासन मिला लेकिन जब लगभग 3 घंटे बाद हम पुनः उसे स्थान पर पहुंचे तो वहां पर मृत गौवंश को कौवे और कुत्ते नोचते हुए दिखे। गौ रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि आखिर क्यों यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सपनों को चकनाचूर करते हुए उन्हें बदनाम करने का साजिश रच रहे हैं। क्या इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है या फिर कोई जिम्मेदार इन पर कार्यवाही करने वाला है ही नहीं।

डीयम साहब एक नजर इधर भी तालाब की भूमि पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा सीतापुर सदर तहसील प्रशासन मौन

संस्कार उजाला ओपी मिश्रा
सीतापुर की सदर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेलूमऊ मजरा मोतीपुर में सरकारी तालाब की भूमि पर गांव के ही दबंगों ने कर लिया अवैध कब्जा जिसपर क्षेत्रीय लेखपाल, तहसीलदार तथा उपजिलाधिकारी महोदय से जांच के विषय में अनेकों बार फोन के माध्यम बात हुई फिर भी अभी तक जांच नहीं हुई। आपको बताते चलें कि गाटा संख्या,692 जिसका क्षेत्रफल 0.2270 हे0/गाटा693 जिसका क्षेत्रफल 1.744 हे0 जिसमे बना मदरसा इमदादुल उलूम मोतीपुर के नाम से संचालित है जिसके प्रबंधक डा0 जलालुद्दीन अंसारी हैं जो राजस्व अभिलेखों में मदरसा दर्ज नहीं है बंजर, व तालाब जलमग्न दर्ज है इसी भूमि पर ईदगाह बना है। इतना ही नहीं इसी तालाब की भूमि पर लगभग एक सैकड़ा मकान भी बने हैं जो राजस्व अभिलेखों में तालाब व बंजर दर्ज है। अवैध बने मकान मालिकों के कुछ नाम इस प्रकार हैं। जलालुद्दीन अंसारी,पूर्व प्रधान स्व0 रामसिंह के लड़के मोहित आदि,अब्दुल कादिर,केहर सिंह, लल्लन , लियाकत अली, अब्दुलहक,रसीद अहमद,वाजिद एवं बिल्लू आदि के लगभग एक सैकड़ा मकान भी बने हुए हैं जिसकी सिकायत जनहित में ग्राम वासियों के द्वारा वर्ष 2017 व 2018 में जिलाधिकारी सीतापुर,प्रमुख सचिव राजस्व उत्तर प्रदेश शासन व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तथा अध्यक्ष राजस्व परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रार्थनापत्र व रजिस्ट्री के माध्यम सिकायत की जा चुकी है फिर भी आज तक कोई जांच व कार्रवाई नहीं हुई जबकि शासन द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए बराबर अभियान चलाकर अवैध कब्जा हटाया जा रहा है वहीं पर सीतापुर सदर तहसील प्रशासन नहीं ले रहा संज्ञान उपजिलाधिकारी ने स्वयं जांच करने का दिया आश्वासन इसके बाद भी नहीं हुई जांच इससे साफ तौर पर लग रहा है कि अवैध दबंग कब्जेदार व तहसील प्रशासन की मिलीभगत से जांच होना संभव नहीं जबकि शासन द्वारा तालाब को अम्रत सरोवर बनाए जाने पर सरकार द्वारा बनाया जा रहा है वहीं पर तालाब का कुछ हिस्सा बचा है बाकी पूरे तालाब की भूमि पर गांव के ही दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करके मदरसा,ईदगाह व मकान लिए गए।

समाधान दिवस पर शिकायतें सुन निस्तारण के दिए गए निर्देश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
बांदा में शनिवार को मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा थाना जसपुरा पर, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना कोतवाली देहात पर जनता की शिकायतें सुनी गईं। जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ०प्र० शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार 14 सितंबर को जनपद समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर थाना जसपुरा पर मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह द्वारा जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। इस दौरान थाना जसपुरा पर कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर टीम भेजकर तत्काल निस्तारण कराया गया। जबकि शेष 07 शिकायतें राजस्व विवाद से संबंधित थी जिनके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर मौके पर जांच एवं निस्तारण हेतु भेजा गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बांदा नागेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली देहात पर जनता की शिकायतें सुनी गई। इस दौरान कुल दो शिकायतें प्राप्त हुई जो राजस्व से संबंधित थी, जिसमें मौके पर टीम भेजकर निस्तारण कराय गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी बांदा राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा थाना कोतवाली देहात पर जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 38 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

पंप कैनाल निरीक्षण में भारी कमियां देख सांसद ने जताई नाराजगी

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
बांदा के कमासिन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखनपुर में बन रहे नवीन सिंहवाहिनी पंप नहर में चल रहे कार्यों का सांसद कृष्णा सिंह पटेल ने पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यों में सांसद को भारी कमियां देखने को मिली, उन्होंने कार्य को देखते हुए अपनी नाराजगी भी जाहिर की। सांसद कृष्णा पटेल ने पंप कैनाल के कार्य का गहनता से निरीक्षण किया जिसमे जांचते हुए कहा गया कि यहां पर घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और तो और अधिकारियों से जब कागज मांगे जाते हैं तो नही दिए जाते। उन्होंने बताया गया कि इस निर्माण कार्य में काफी ज्यादा पैसा खर्च किया गया है जोकि अधिकारियों ने बंदरबांट कर लिया है क्युकी जो पैसा निकाला गया है उसके अनुरूप यहां पर कोई कार्य होता नही दिख रहा है। वहीं ग्रामीण लोगों ने भी बताया कि हमने पहले कहा था कि ये ईंटे बेकार क्वालिटी की हैं लेकिन झूठा आश्वासन देकर इन्ही बेकार ईंटों का इस्तेमाल कर बाउंड्री निर्माण भी करा लिया गया है। सांसद ने कहा है कि इस कार्य की जांच करवाई जायेगी और संबंधित पर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। क्युकी यहां पर साफ प्रतीत होता है कि पूरी तरह से कार्य में बंदरबांट करने का कार्य किया गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री से भी शिकायत की जाने की बात कही गई।

नवागत जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण किया

संस्कार उजाला
शाहजहाँपुर। नवागत जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कोषागार पहुंचकर शाम 06:00 बजे विधिवत पदभार ग्रहण किया। जनपद के सभी अधिकारियों ने नवागत जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी मूलतः देवरिया जिले के निवासी है तथा 2013 बैच के आईएएस अधिकारी है। इससे पूर्व में उ.प्र. शासन में विशेष सचिव नगर विकास, नई दिल्ली में नगर पलिका परिषद् के निदेशक जैसे महत्वपूण पदों पर अपनी प्रशासनिक सेवा दे चुके है। उन्होने बताया कि गजियाबाद, प्रयागराज सहित अन्य स्थानो पर भी तैनात रहे है। नवागत जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री के निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाएगा। उन्होने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, साफ-सफाई सहित इनफोर्समेंट की कार्यवाही, माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही सहित जनता की शिकायतों का पारदर्शिता के साथ त्वरित निस्तारण प्राथमिकता में है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) डॉ. सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

शाहजहांपुर जेल में निरुद्ध गरीब महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को सामाजिक सहयोग से साड़ियां सूट एवं बच्चों के रेडीमेड सूट एवं फ्रॉक भेंट किए गए।

संस्कार उजाला
शाहजहाँपुर।
यह पुनीत कार्य शहर के समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री नूर आलम जी के सहयोग से किया गया उनके द्वारा कारागार में निरुद्ध सभी महिलाओं को एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को उनकी पसंद और आवश्यकता के अनुरूप सूट लेंथ, साड़ियां एवं बच्चों के लिए रेडीमेड कपड़े पेट किए गए। ज्ञातव्य है कि कारागार में अनेक अनेक महिलाएं एवं पुरुष पारिवारिक स्थिति के अनुसार बहुत गरीब होते हैं और उनके पास जरूर भर के पहनने के कपड़े नहीं होते ऐसे बंदियों की मदद के लिए अनेक स्वयंसेवी संगठन सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्योगपति एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि आगे आकर उनकी मदद करते हैं जिससे जेल के अंदर भी ऐसे गरीब बंदियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है। आज कारागार में निरुद्ध सभी महिलाओं व बच्चों को उक्त सामग्री भेंट की गईं। श्री नूर आलम जी के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट विजय राघव मिश्रा एवं ज्योतिषाचार्य श्री दीपक मिश्रा भी मौजूद थे चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री विजय राघव मिश्रा भी समाज सेवा का कार्य करते हैं उनके द्वारा भी कारागार में बंदियों के कल्याणार्थ कुछ कार्य करने का आश्वासन दिया गया जेल अधीक्षक द्वारा खुशी जाहिर की गई और कहां के आवश्यकता पड़ने पर आपकी सेवाएं ली जाएगी। सभी महिलाएं एवं बच्चे सुंदर-सुंदर मनपसंद सूट साड़ियां एवं रेडीमेड कपड़े प्रकार बहुत प्रसन्न हुए। जेल अधीक्षक द्वारा श्री नूर आलम जी का आभार प्रकट किया गया और उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित पित किया।

बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सैनिक सूर्यपाल यादव के आकस्मिक निधन से लोगों में शोक व्याप्त

तिरंगे झंडे के सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार
हजारों की संख्या में लोगों ने दी अंतिम विदाई



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
बांदा जनपद के बबेरू कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले के रहने वाले पूर्व सैनिक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह यादव का आकस्मिक निधन हो जाने से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। जिसमें आज रविवार को ओरन रोड स्थित मुक्तिधाम पर राष्ट्रीय तिरंगा झंडा के सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान छोटे पुत्र अनूप यादव के द्वारा मुखाग्नि दी गई। बता दे की पहले सूर्यपाल सिंह यादव सैनिक थे, रिटायर्ड होने के बाद पहली बार नवंबर 2006 में नगर पंचायत अध्यक्ष चुने गए, उसके बाद दूसरी बार अगस्त 2012 में नगर पंचायत अध्यक्ष चुने गए, तीसरी बार दिसंबर 2017 में नगर पंचायत चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे और मई 2023 में नगर पंचायत के चुनाव पर तीसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष चुने गए, जो लगभग अपना कार्यकाल 16 महीने कार्यकाल रहा है और रविवार की बीती रात उनका आकस्मिक निधन हो गया। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि बांदा चित्रकूट फतेहपुर अन्य जनपदों से प्रतिनिधि पहुंचे और उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ,बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल, पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, सपा राष्ट्रीय महासचिव विशंभर निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, कर्बी विधायक अनिल प्रधान, सपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बांदा मोहन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजयपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल, शिव शंकर यादव, किरण यादव, अनिल यादव, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, एवं पूर्व सैनिक नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं सभासदों सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

सड़क बनवाने की मांग अंतर्गत ग्रामीणों ने अपर जिला अधिकारी को सौंपा शिकायत पत्र

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
बांदा में शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी को रोड /सड़क बनवाने की मांग को लेकर लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जनपद बाँदा की तहसील अतर्रा अन्तर्गत ग्राम महुटा के लेख अंश मजरा पाण्डेय पुरवा के निवासी लोगों ने बताया कि इस मजरे की आबादी में लगभग 300 वोटर से अधिक की है। यहाँ से वर्तमान में 7 जवान आर्मी में अपनी सेवायें दे रहे हैं जो देश की सरहदों की रक्षा करते है। दो जवान स्व० रामबहोरी मिश्र शहीद वर्ष 2017 व दूसरे स्व० चिन्तामणि पाण्डेय (सी०आर०पी०एफ०) शहीद वर्ष 2024 में शहीद हो चुके है। भाजपा के दो पूर्व सांसद एवं दो पूर्व विधायकों ने मजरे तक जाने वाले 2 किमी० के कच्चे रास्ते (सड़क) को पक्का मार्ग बनवाने का वादा एवं मौके पर जाकर दो-दो बार कर चुके हैं। इतना ही नहीं शहीद द्वार एवं स्मारक बनवाने को भी पूरा आश्वासन दिया लेकिन वादा खिलाफी कर इन जन प्रतिनिधियों ने आज तक उक्त शहीदों के मजरे की उपेक्षा की है जिससे हम मजरे के निवासी अत्यधिक आहत हैं और आपसे सीधे अनुरोध करने को विवश हैं। आगे ग्रामीणों ने कहा कि बीते 03 अगस्त 2022 को मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग चित्रकूट धाम मण्डल बांदा ने इस मार्ग को पक्का करने हेतु आजादी के अमृत महोत्सव काल के अन्तर्गत 1.67 करोड का स्टीमेट बनाकर मुख्य अभियन्ता (पी०डब्ल्यू०डी०) को भेजा जिसकी फाइल आज तक धूल फांक रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पी०डब्ल्यू०डी० विभाग को आदेशित करने का कष्ट करें जिससे उपरोक्त वर्णित विकास कार्य को गति प्रदान हो सके। वहीं ग्रामीणो को अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने आश्वासन दिया है कि मुख्य अभियंता को सड़क बनवाने के लिए लिखा गया है, जल्दी ही सड़क बनवाई जायेगी। इस दौरान शशिकांत पाण्डे, समाजसेवी शालिनी सिंह पटेल, मनोज पाण्डेय, ललक पाण्डेय, रुपेश, संदीप पाण्डेय, रामगोपाल योगेंद्र, आशीष सिंह, प्रमोद, पिन्टू, सुरेश, रामकेश उमाकांत सविता, जय प्रकाश निगम, अर्जुन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मकान में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की नगदी और सोना चोरी कर लिया

सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की

संस्कार उजाला
खुटार शाहजहांपुर
खुटार क्षेत्र में लगातार चोरी हो रही है कभी मोटरसाइकिल चोरी होती है तो कभी मकान का ताला तोड़कर मकान के अंदर अज्ञात चोर चोरी कर लेते हैं लगातार क्षेत्र में चोरी की घटनाएं होती हैं पुलिस को खुलेआम चोर चुनौती दे रहे हैं। खुटार क्षेत्र के गांव सिन्हुआ में बीती रात कुछ अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली लाखों का सामान साफ कर ले गए चोर शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने सिल्हुआ गांव में रहने वाले प्रमोद दीक्षित के भाई स्वर्गीय मनोज दीक्षित के मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपए की नगदी के साथ ही करीब 3 लाख रुपए की कीमत से अधिक के सोने चांदी के आभूषण चोरी का लिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर प्रमोद दीक्षित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है अज्ञात चोरों की तलाश लगातार की जा रही है। चोरी की जानकारी मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया थाना अध्यक्ष संजय कुमार खुटार

रामकथा का आज समापन, शनिवार को भंडारा ,नगर

व क्षेत्रवासियों को भंडारे में पहुंचने की अपील

संस्कार उजाला
खुटार। खुटार के श्रीराम जानकी बालाजी धाम पंथवारी मंदिर परिसर में सात दिवसीय चल रही श्री रामकथा का शुक्रवार को समापन हो गया है। शुक्रवार रात को सातवें दिन कथावाचक राजवीर ने रामकथा में भगवान की लीलाओं का प्रसंग सुनाया है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार रात को रामकथा के बाद समापन हो गया है। शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन है। जिसमें सभी नगर व क्षेत्र वासियों को भंडारे में पहुंचने को आमंत्रित किया

योगी ने बच्चे को हाथों से खिलाया चाकलेट

बहराइचः भेड़िए के हमले में मारे गए मासूमों के परिजनों से की मुलाकात

बहराइच। सीएम योगी रविवार शाम बहराइच पहुंचे। भेड़िए के हमलों से प्रभावित महसी तहसील का हवाई निरीक्षण किया। योगी ने हमले में मारे गए मासूमों के परिजनों से भी मुलाकात की। बच्चों को चाकलेट दिए। एक बच्चे को अपने हाथों से चाकलेट खिलाया। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर महसी तहसील के सिसईया चूड़ामणि में बने हेलीपैड पर उतरा। कुछ देर में सीएम जिले के अफसरों और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। विकास कार्यों पर भी चर्चा करेंगे। बहराइच में दो महीने में भेड़िए के हमलों में 10 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। वन विभाग ने अब तक 5 भेड़ियों को पकड़ लिया है, जबकि एक लंगड़ा भेड़िया अभी भी पकड़ से दूर है। योगी ने कहा- हमने केंद्र सरकार के सहयोग से 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया

है। कुछ लोग गर्मी के कारण घर के बाहर सोते हैं, उसमें ही जंगली जानवर को अवसर मिलता है। जिन लोगों ने दरवाजे नहीं लगवाए थे। उनकी भी मदद की गई है। स्वच्छ भारत मिशन में हर परिवार को शौचालय दिए गए। इस क्षेत्र में पेट्रोलिंग के निर्देश हैं। अफसरों से कहा है कि यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित है, तो मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास दिए जाएं। मैंने इन गांवों का सर्वे किया है। जनजीवन सामान्य है। लेकिन, सतर्कता की आवश्यकता है। जब तक भेड़िया पकड़ा नहीं जाता है, वन विभाग की टीम तैनात रहेगी। सीएम ने कहा- स्थानीय प्रशासन ने बेहतर समन्वय से अच्छा काम किया है। मैं पीड़ित परिवारों से भी मिला। आगे की क्या रणनीति है, इस पर भी विचार किया गया है। हमारी सरकार ने वन्यजीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। इसलिए हम पीड़ित परिवार को 5 लाख की सहायता देते हैं। जो घायल हैं, उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी ने कहा- एक बात कॉमन देखी गई कि बारिश के सीजन में जब इन जंगली जानवरों की जगह पर पानी घुस जाता है तो वे आबादी की तरफ चले जाते हैं। तब ऐसे हमले देखने को मिलते हैं। इस बार भी जब सरयू में पानी बढ़ा और क्षेत्र में जलजमाव हो गया तो 17 जुलाई को पहली घटना देखने को मिली। एक साल के बच्चे को भेड़िए ने अपना शिकार बना लिया था। भेड़िया एक गांव में हमला नहीं करता। वह अलग-अलग गांवों में हमला करता है। एक सितंबर को आखिरी हमला हुआ था। आज 15 सितंबर है, इस बीच कोई जनहानि की सूचना नहीं मिली है। क्षेत्र में वन विभाग के 165 कर्मचारियों की टीम तैनात है। थर्मल ड्रोन 4 लगाए गए हैं। जिस रूप में भेड़िया हिंसक है, अगर वह हमला करते दिखता है तो उसे मारने के भी आदेश दिए हैं। लेकिन, यह अंतिम विकल्प है। सीएम योगी ने कहा- बहराइच जिले में नदी से सटे इस महसी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2 महीने से भेड़ियों का आतंक है। भेड़िए के कारण कुछ जनहानि हुई है। कुछ बच्चों को भेड़िए ने घायल भी किया है। जब पहली बार हमले की सूचना मिली तो मैंने प्रशासन को अभियान चलाने का निर्देश दिया था। वन मंत्री और अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त टीम के साथ भेजा। पिछले 2 महीने में इस क्षेत्र में 8 जनहानि देखने को मिली, जो 20 से 25 किमी के दायरे में हुई। 5 भेड़िए पकड़े जा चुके हैं। एक अभी पकड़ा नहीं गया है। सीएम योगी बहराइच पहुंच गए हैं।

लखनऊ में युवती को शादी का झांसा देकर रेप

लखनऊ। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घुमाने के बहाने युवती को अपने साथ ले गया था। जहां पर शादी का वादा करके उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान कुछ अश्लील वीडियो बना लिए। जिसके बाद ब्लैकमेल करके कई बार उसके साथ रेप किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मंगलवार को युवती ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराईस है। उसने बताया कि हैदर कैनाल पार्क रोड के रहने वाले शानू उर्फ एहतिशाम अहमद (28) पुत्र मुख्तार अहमद से उसकी मुलाकात जनवरी में हुई। शानू ने मिलने जुलने के दौरान युवती से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी। शानू ने शादी का प्रस्ताव दिया। जिसे युवती ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान शानू ने मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ जबरन संबंध बनाने लगा। इसका युवती ने विरोध किया तो जल्द शादी करने की बात कही। लंबा समय बीतने के बाद युवती ने शादी के लिए बोला तो टाल मटोल करता रहा। इस पर युवती ने दबाव बनाया तो शादी से मुकर गया। युवती ने शिकायत करने की बात कही तो उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पुलिस को मिली शिकायत के बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह 9:45 बजे आरोपी की हैदर कैनाल पास खड़े होने की सूचना मिली।

चिकित्सा शिविरः निरोग काया के लिए नियमित देखभाल जरूरीः डॉ राघवेंद्र सिंह

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत केश्वर इंटरमीडिएट कालेज के परिसर में निःशुल्क चिकित्सा कैम्प लगाकर 150 छात्र - छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवा वितरित की गई। नव सृजित ट्रस्ट द्वारा संचालित प्राकृतिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्धा एडवांस इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल इंस्टिट्यूट व केश्वर जन सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ संयोजक डॉ राघवेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य पुरन्दर प्रताप यादव ने फीता काटकर किया। चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ राम गोपाल पटेल, डॉ. किरन सिंह, डॉ. नीतू कुशवाहा, डॉ. आकांक्षा सुमन, डॉ. प्रिया सिंह ने शिक्षकों और छात्र - छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की उचित सलाह दी। डॉ. राघवेंद्र ने कहा कि निरोग काया के ये शरीर की नियामित देखभाल आवश्यक है और स्वच्छता से व्यक्ति बीमारियों से मुक्त रहता है। सभी का स्वागत और आभार विद्यालय के प्रभारी देवेंद्र प्रताप यादव ने व्यक्त किये। इस अवसर पर शिक्षक कन्हैया वर्मा, आशिक अली, हरेंद्र यादव, जगत राज चौहान, कमलेश भारती, अमरजीत यादव, जय सिंह प्रसाद, सतवीर, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

लखनऊ में डंपर ने बच्चे को रौंदा, मौत

कई थानों की फोर्स पहुंची, भाजपा विधायक का लोगों ने किया विरोध

लखनऊ । इटौंजा में 14 साल के बच्चे को डंपर ने रौंद दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। इससे नाराज लोगों ने हंगामा कर दिया। वहीं मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर भी लोगों ने पथराव किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे विधायक को भी विरोध झेलना पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामा बढ़ने पर कई थानों की पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव की है। रविवार को घर के बाहर खेल रहे आकाश मौर्य (14) पुत्र राम कुमार मौर्य को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। डंपर का अगला पहिया बच्चे के नीचले हिस्से से गुजर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर कुछ देर बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची। लोगों ने बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए कहा। लेकिन एंबुलेंस ड्राइवर ने शव ले जाने से मना कर दिया। इससे लोग भड़क गए। उन्होंने विरोध किया तो ड्राइवर एंबुलेंस लेकर जाने लगा। इसपर नाराज लोगों ने पथराव कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक मौके से डंपर छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझने की कोशिश की। लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामे को देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं बच्चे की मौत की जानकारी मिलने पर बख्शी का तालाब से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने विधायक का विरोध कर दिया। इससे विधायक मौके से चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से अवैध रूप से खनन कर रहे लोगों की शिकायत कई बार की गई। लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। आज ये डंपर बच्चे की मौत कारण बन गया। इसको रोका जाना

32 साल के इंस्पेक्टर की बस में सोते-सोते मौत

प्रयागराज । 32 साल के इंस्पेक्टर की चलती बस में मौत हो गई। वह लखनऊ से प्रयागराज जा रहे थे। घटना का पता उस वक्त चला, जब बस प्रयागराज पहुंची। मगर वह बस से नहीं उतरे। कंडक्टर जगाने आया तो उनका शरीर बेजान था। कंडक्टर ने हिलाया तो वह गिर गए। तुरंत सीनियर अफसरों और पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में उनको SRN हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा की मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेहोश हो गई। परिवार में 10 और 8 साल के दो बेटे हैं। वह मूलरूप से सहारनपुर के रहने वाले थे। 2013 बैच के अनुराग अभी लखनऊ कोर्ट की सुरक्षा में तैनात थे। वह प्रयागराज क्राइम ब्रांच के साथ-साथ करेली और खुल्दाबाद थानों के प्रभारी भी रहे थे। लोकसभा चुनाव से पहले उनका ट्रांसफर लखनऊ हुआ था। परिवार अभी प्रयागराज के खुल्दाबाद में रहता है।

रविवार को छुट्टी थी। इस वजह से प्रयागराज आ रहे थे। अनुराग शनिवार देर शाम लखनऊ से मिजार्पुर जाने वाली बस में बैठे थे। प्रयागराज का टिकट लिया। थोड़ी देर बाद सो गए। रात ढाई बजे बस प्रयागराज पहुंची। उन्हें जीरो रोड बस स्टैंड पर उतरना था, लेकिन नहीं उतरे। इसके बाद कंडक्टर उनके पास आया तो घटना का पता चला। पुलिस ने बताया कि चूंकि वह सादे कपड़ों में थे, इसलिए उनकी तुरंत पहचान नहीं हो पाई। जेब से मोबाइल और आईडी मिली। इसके बाद उनकी शिनाख्त हुई।

भाजपा सरकार कर रही ऐतिहासिक विकासः पीएन पाठक

कसया, कुशीनगर। रविवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक की अगुवाई में दर्जनों गांवो में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाकर घर-घर संपर्क कर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलायी। साखोपार मण्डल के गांव बाड़ी पुल साखोपार रमहवलिया भैसही सेमरा टेकुआटार मण्डल के गांव अहिरौली राजा गोबरही भठही राजा परशुरामपुर अहिरौली राय जाखनी खड्डा समेत दर्जनों गांवों में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रत्येक दिन दर्जनों गावो में जाकर भारी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिला रहें है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐतिहासिक विकास कर रही है, भाजपा सरकार ने अपने सभी संकल्पो को पूरा किया है। जनता का अटूट विश्वास भाजपा के साथ हैं आगे कहा कि भाजपा ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। इसलिए जनमानस का अटूट विश्वास भाजपा के साथ है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष किनंनरेश चौबे, विनोद कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान अजय जायसवाल, दिनेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, अमित मालवीय, राज पाठक, अमित राव, अमित मदेशिया, चन्द्र बली गोंड, आदित्य तिवारी, शिवम मदेशिया, प्रमोद मदेशिया, राजेश जायसवाल, नितिश गोंड, आदित्य मिश्रा, सूरज वर्मा, ,शेखर सिंह, किरण सिंह, सुनिल राजभर, राजेश शर्मा, अशोक कुमार, रामगोविंद सिंह, सूयार्नाथ यादव, राकेश यादव, सर्वेश तिवारी, संजीव मौजूद रहे।

लखनऊ में पत्नी ने पति को थाने में पीटा

बहन और भाई से भी पिटवाई, बोली- मेरी जिंदगी बर्बाद कर दिया

लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक महिला ने अपने पति को बुरी तरह से पीटा। उसने अपने भाई और बहन से भी पति की पिटाई कराई। थाना कैंपस में लोग वीडियो बनाते रहे। पुलिस ने पति और पत्नी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। सुशांत गोल्फ सिटी के सेलीब्रेटी गार्डन में सुनील कुमार वैश्य रहते हैं। सुनील की उनकी पत्नी रीना से दो साल से विवाद चल रहा है। रीना का मायका बलरामपुर जिले में है। उन्होंने अपने पति सुनील के खिलाफ बलरामपुर कोर्ट में प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसका केस चल रहा है। सुनील ने बताया कि बीते शुक्रवार (13 सितंबर) को बलरामपुर कोर्ट में मामले की तारीख लगी थी। शनिवार की सुबह रीना बलरामपुर से लखनऊ आ पहुंचीं। सेलीब्रेटी गार्डन में मेरे घर में जबरन घुसने लगीं। मैंने रीना को घर में घुसने से मना किया। इस बात को लेकर मेरे और रीना के बीच विवाद हुआ। कहासुनी के बाद दोनों थाने पर पहुंच गए। रीना की बहन और उसका भाई पहले से ही थाने पर मौजूद थे। पुलिस ने दोनों पक्ष से पूछताछ की। सुनील जैसे ही थाने से बाहर निकलने लगे। रीना उनसे लड़ाई करने लगी। उनका कॉलर पकड़ ली। पति को पीटने लगी। इतने में रीना की छोटी बहन और उसका भाई भी सुनील की पिटाई करने लगे। थाने पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया। लेकिन रीना और उसके भाई-बहन हंगामा करते रहे। सुनील को अनाब-शनाब बोलते रहे। पुलिस वाले रीना के पक्ष को गलत बताते रहे। उनका कहना था कि थाने के भीतर हमारी मौजूदगी में मारपीट नहीं होनी चाहिए था। सुनील की पत्नी रीना थाने में हंगामा करती रहती। पुलिस वालों से समझाने के बाद भी वो नहीं मानी। पति के खिलाफ गुस्सा जाहिर करती रही। वो बार-बार एक ही बात बोल रही थी। मैं इसे नहीं छोड़ूंगी। इसने मेरी जिंदगी खराब कर दी। थाना परिसर में मौजूद लोग घटना का वीडियो बनाते रहे। करीब 40 मिनट से ज्यादा समय तक थाने में हंगामा चलता रहा। पुलिस ने पति और पत्नी दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की।

संक्षिप्त डायरी

औद्योगिक भ्रमण पर निकले छात्र

कुशीनगर। भारत सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद नई दिल्ली के सहयोग से दिव्य ज्योति शिक्षा समिति फाजिलनगर के तत्वावधान में देवरिया जनपद के सलेमपुर विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों के 120 छात्रों ने पांच दिवसीय ओद्योगिक भ्रमण किया। उक्त विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों के 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के विज्ञान वर्ग के 120 छात्रों का दल 9 सितंबर से 13 सितंब तक लिए औद्योगिक भ्रमण पर कानपुर के लिए निकले। यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तरफ रुझान पैदा करना है। इस दौरान छात्रों ने कानपुर के विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का भ्रमण कर निर्माण कार्य, पैकेजिंग, आदि को करीब से जाना। छात्रों ने बताया कि जो चीजें हम लोगों को किताबों में पढ़ने को मिलती थीं उसे करीब से देखकर बहुत जानकारियां मिली। यात्रा में समिति के मुख्य समन्यवक विवेक कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, रामप्रवेश, बिपिन, आलोक सहित संस्था के सदस्य तथा आदि छात्र शामिल रहे।

रोटरी क्लबः हिंदी राष्ट्र की एकता और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

कसया, कुशीनगर। हिंदी दिवस पर रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा कसया के कलश गेस्ट हाउस में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने आगामी क्लब कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव आदि ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार साझा किए और इसे राष्ट्र की एकता और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया। शशि कुमार सिंह और वैभव कुमार राव को रोटरी पिन लगाकर औपचारिक रूप से क्लब की सदस्यता दी गई।संचालन दिनेश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, अंकुर तुलस्यान, गोपीचंद कसौधन, सार्जेंट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, महेंद्र तिवारी 'मोनू', विशाल शर्मा, अश्वनी जायसवाल, डॉ. जेके पटेल, राजीव तिवारी, विनोद वर्मा, अरुण कुमार मौर्य, अमरेंद्र नारायण सिंह, सरवरे आलम (छोटे), वरुण कुमार यादव, गोविंद सिंह, विजय सिंह, शशि कुमार सिंह, वैभव कुमार राव, आदिल खान ने भाग लिया।

विनोद भारती को पीएचडी उपाधि मिलने पर जताई खुशी

कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती को पीएचडी उपाधि मिलने पर रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और अन्य पदाधिकारीयों द्वारा सम्मानित कर शुभकामनाएं दिया गया। ज्ञात हो कि रामकोला विधानसभा के तरकुलवा निवासी भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर के जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भारती ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से 13 सितंबर 2024 को पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना से स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से प्रो. अमित कुमार जी के निर्देशन में हिंदी विषय में ₹21वीं सदी के हिंदी उपन्यास : किसान जीवन का परिवर्तित यथार्थ₹ शोध शीर्षक से अपनी पीएचडी की की पढ़ाई पूरी की है। जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती को पीएचडी की उपाधि मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकताओं में समाज सेवा के साथ साथ उसके व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर प्रयास करती रहती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक जटाशंकर मणि त्रिपाठी, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, भीखम प्रसाद,प्रवीण मिश्र गुंजन,गौरव तिवारी, नवनीत तिवारी, देवेश मिश्र,धीरज पाठक, अरुण राय, प्रमोद राय, विनोद गुप्ता ने भी विनोद भारती को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

लखीमपुर के थाने में नाबालिग को थर्ड डिग्री, मौत

लखीमपुर खीरी । पुलिस कस्टडी में पिटाई से नाबालिग की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस उसे चोरी के शक में घर से उठा ले गई। 4 दिन हिरासत में रख कर बुरी तरह से पीटा। बिजली के झटके दिए। 50 हजार रुपए लेकर छोड़ा। गंभीर घायल नाबालिग युवक का 6 दिन तक इलाज चला। शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने फरधान थाने के सामने शव रखकर पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब 8 घंटे तक हाईवे जाम रहा। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। सपा के पूर्व विधायक रामसरन भी भारी संख्या में समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी पवन गौतम और सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी 4 थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझाने की कोशिश की। लेकिन परिजन दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा किया तो पुलिस ने उन पर हल्के बल का प्रयोग किया। वहीं, रात करीब 12 बजे एसपी मौके पर पहुंचे। दोषियों पर कार्रवाई की बात कहीं तब परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए माने। रविवार सुबह मृतक का पोस्टमॉर्टम हो गया है।

बालकनी से गिरकर हुई थी छात्रा की मौत, 24 घंटे के भीतर पीजी खाली करने के आदेश

नई दिल्ली। मुखर्जी नगर में पीजी होम की बालकनी से गिरने से हुई छात्रा की मौत के मामले में दिल्ली नगर निगम करीब साढ़े पांच महीने बाद हरकत में आई है। नगर निगम ने संचालक को नोटिस भेजकर 24 घंटे के भीतर पीजी होम खाली करने के निर्देश दिए हैं। हादसे के साढ़े पांच महीने बीतने के बाद पीजी होम संचालक के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय चौंकाने वाला है।नोटिस में हादसे का जिक्र नहीं है, लेकिन कार्रवाई की वजह इमारत का दुरुपयोग व वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल बताई गई है। पीजी होम संचालक को नगर निगम सिविल लाइंस जोन के कार्यकारी अभियंता कार्यालय की ओर से नोटिस भेजा गया, जिसमें कहा गया है कि इमारत में भूतल के साथ-साथ पहली, दूसरी, तीसरी व चौथी मंजिल तक पीजी होम का संचालन किया जा रहा है। यह दिल्ली मास्टर प्लान-2021 के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन है। नोटिस में 24 घंटे के भीतर उक्त परिसर खाली करने को कहा है। ऐसा न करने पर कार्रवाई के लिए इमारत मालिक/किराएदार खुद जिम्मेदार होंगे।पीजी की बालकनी से गिरने से छात्रा की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग करने वाली संस्था स्वेच्छादान के संस्थापक अध्यक्ष बीएन झा का कहना है कि यह कार्रवाई तो हादसे के फौरन बाद ही होनी चाहिए थी, निगम साढ़े पांच माह बाद कार्रवाई कर रही है।दूसरी बात, निगम ने केवल एक इमारत को नोटिस दिया, जबकि मुखर्जी नगर में नियमों के विपरीत हजारों से ऐसे चल रहे हैं। निगम को ऐसे सभी पीजी होम को बंद कराना चाहिए।

राजौरी के जंगल में छिपे आतंकियों को खोज रहे जवानों पर फायरिंग

राजौरी-पुंछ। जिले की मेंढर तहसील के पठान तीर क्षेत्र के जंगल में तलाशी अभियान चला रहे जवानों पर अचानक आतंकियों ने फायरिंग शुरु कर दी। पहले से छिपे इन आतंकियों को जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इस दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर आतंकी मौके से फरार होने में सफल हो गए। सुरक्षा बलों ने पूरे जंगली क्षेत्र को घेर कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इतने में आतंकी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार होने में सफल हो गए, इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने पूरे जंगली क्षेत्र को घेर तक तलाशी अभियान को शुरू कर दिया है। अतिरिक्त संख्या में सुरक्षा बलों के जवानों को मौके पर रवाना कर दिया गया ताकि जंगल में छिपे किसी भी आतंकी को जिंदा न जाने दिया जाए। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात को सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि पठान तीर के जंगल में आतंकियों की मौजूदगी है। सूचना मिलते ही सेना, पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जैसे ही सुरक्षा बलों के जवान जंगी के भीतर पहुंचे उसी समय आतंकियों ने सुरक्षाबलों के जवानों के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। उसी समय सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। बता दे भारतीय सुरक्षा बलों ने इससे पहले शुक्रवार को दो और शनिवार को तीन आतंकी ढेर किए हैं।

फेक ट्रेडिंग ऐप के जाल में फंसी महिला, गंवाए 53 लाख

– जालसाज अंतरराष्ट्रीय खातों में ट्रांसफर करवाते थे पैसे

नई दिल्ली । जालसाजों ने दिल्ली की एक महिला को फेक ट्रेडिंग ऐप के जरिये अपना शिकार बनाया है। ट्रेडिंग ऐप में पैसा लगवाकर महिला से 53 लाख रुपये का फ्रॉड किया गया है। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी की रहने वाली शिकायतकर्ता ने बताया कि घोटालेबाजों ने एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप बनाया था, जो एक वैध निजी बैंक के स्टॉक एप्लीकेशन की नकल जैसा था। जालसाजों ने महिला से कई अंतरराष्ट्रीय खातों में यह दावा कर पैसा जमा करवाया की वह उनके ही खाते हैं। शुरुआत में कुछ पैसे जमा करने के बाद वह ऐप पर फर्जी मुनाफा दिखाते थे, ताकि लोगों को अधिक निवेश करने पर भरोसा हो जाए। इसके बाद जालसाज आईपीओ में निवेश करने और मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों से मोटी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवा लेते थे। हालांकि जैसे ही लोग अपने पैसों को निकालने के लिए ऐप पर जाते थे तो उनकी गतिविधि को ब्लॉक कर दिया जाता था। इसके एवज में पीड़ितों से ऐप लोन, टैक्स और कई दूसरे खातों में अधिक पैसे ट्रांसफर करने की डिमांड की जाती थी। ऐसा नहीं करने पर पीड़ितों के ऐप से सभी गतिविधियों को ब्लॉक कर दिया जाता था। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यक्ति, जो संभावित रूप से घोटालेबाजों के साथ काम कर रहे थे, दोस्त बनकर पीड़ित को पैसे उधार देने की पेशकश करते थे। ये मित्र व्यक्तिगत खातों को दरकिनार करते हुए तथा लेन-देन का कोई सबूत न देते हुए, धनराशि को सीधे पीड़ित के अंतरराष्ट्रीय खाते में ट्रांसफर कर देते थे।

हिमाचल प्रदेश में येलो अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने 21 सितंबर तक बारिश का अनुमान जताया

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में रविवार और बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने राज्य में 21 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश जारी रही और शनिवार शाम से कसौली में सबसे अधिक 53 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान धरमपुर में 26 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि रेणुका में 20 मिमी, करसोग में 10 मिमी, नाहन में 7.9 मिमी, कल्पा में 7.7 मिमी, सराहन में छह मिमी तथा धर्मशाला और कांगड़ा में 5.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, शनिवार शाम राज्य में 40 से अधिक सड़कें बंद कर दी गईं और 53 बिजली आपूर्ति योजनाएं बाधित हुईं। राज्य में एक जून से 15 सितंबर तक मानसून के दौरान बारिश की कमी 18 प्रतिशत है, राज्य में मानसून के दौरान 689.6 मिमी औसत बारिश के मुकाबले 562.9 मिमी बारिश हुई है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य में मानसून के आगमन के बाद, 27 जून से शनिवार तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 169 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 30 लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि बारिश संबंधी घटनाओं में राज्य को 1,327 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

दुष्कर्म के केस में विग कमांडर को तुरंत फुरंत जमानत

श्रीनगर । जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की एकल बेंच के न्यायाधीश ने एक विंग कमांडर को 50000 रूपये की जमानत पर छोड़ने के आदेश दिए हैं। विंग कमांडर के ऊपर उसकी महिला साथी ने विंग कमांडर पर ऑफिसर ने यौन शोषण के आरोप लगाए थे। आरोपी ने इस मामले की याचिका जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट में दायर की। जहां से उसे जमानत मिल गई। जम्मू कश्मीर के एकल न्यायाधीश ने आदेश दिया है,विग कमांडर की गिरफ्तारी होने से उसकी प्रतिष्ठा और कैरियर दोनों ही खतरे में पड़ जाएंगे। अत: उसे 50000 रूपये की जमानत में रिहा किया जाए। बिना अदालत की अनुमति के उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर नहीं किया जाए। बिंग कमांडर को बिना सीनियर अधिकारी के अनुमति लिए बिना श्रीनगर और जम्मू कश्मीर छोड़ने पर रोक लगा दी है। यह मामला अपने तरीके का है। महिला के साथ यौन उत्पीड़न करने के बाद भी तुरंत जमानत मिल गई। अब पुलिस इस मामले की जांच करेगी। जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट के इस निर्णय को लेकर बड़ा आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है।

टीएमसी नेता ने युवती को घर बुलाकर किया दुष्कर्म,पार्टी ने किया निलंबित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता आए दिन किसी न किसी मामले में धरे जा रहे हैं। बीते रोज एक और नेता दुष्कर्म के मामले में धरा गया है। आरोपी नारायण मित्रा ने एक युवती को घर बुलाया और दो तीन दिन तक उसके साथ यौन संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने किसी काम से घर बुलाया और बांकुरा स्थित अपने आवास पर घटना को अंजाम दिया। वहीं दूसरी तरफ इस मामले में एफआईआर होने के बाद ट्रेड यूनियन नेता को टीएमसी ने उन्हे निलंबित कर दिया है। बता दें कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार इस समय आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सवालों के घेरे में है। पश्चिम बंगाल समेत देशभर के डॉक्टरों में भी आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को ममता बनर्जी ने डॉक्टरों से मुलाकात की थी हालांकि यह बैठक बेनतीजा ही रही।

लोगों को गुमराह कर रहे, पीएम मोदी पर फारूक अब्दुल्ला का आरोप

श्रीनगर (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह दावा कर देश को ''गुमराह'' कर रहे हैं कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन केंद्र शासित प्रदेश में सत्ता में आया तो जम्मू कश्मीर में आतंकवाद फिर से बढ़ जाएगा। नेकां नेता ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि पिछले पांच साल से उनकी सरकार है और अनुच्छेद 370 हट चुका है। वह कहते थे कि अनुच्छेद 370 यहां (जम्मू-कश्मीर) आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, लेकिन आज अनुच्छेद 370 है ही नहीं। अब भी ये आतंकवाद क्यों है?''

अब्दुल्ला की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी को दोबारा सत्ता में लाने के खिलाफ लोगों को आगाह करने के एक दिन बाद आई है। मोदी ने आरोप लगाया था कि इन दलों की नीतियों ने आतंकवाद के लिए जमीन तैयार की है, युवा नेतृत्व को दबाया है और जम्मू-कश्मीर को ''खोखला'' कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह पता होना चाहिए कि जब वह दूसरों पर आरोप लगाते हैं तो तीन उंगलियां उनकी ओर उठती हैं।

अब्दुल्ला ने कहा, ''जो लोग हम पर आरोप लगा रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब आप हमारी ओर एक उंगली उठाते हैं तो तीन उंगलियां आपकी ओर उठती हैं। आप लोगों को गुमराह कर रहे हैं, आप हर दिन झूठ बोल रहे हैं।'' वर्ष 1987 के चुनावों में ''धांधली'' के कारण जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद भड़कने संबंधी आलोचना के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने अलगाववादियों को हिंसा करने के लिए नहीं कहा।

अब्दुल्ला ने कहा, ''मैंने उन्हें अलगाववादी नहीं बनाया। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उन्हें (अलगाववादी) नहीं बनाया। वे पाकिस्तान के लिए बोलते हैं। जो लोग पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे और जनमत संग्रह कराने की बात कर रहे थे, वे आज उनके खेमे में बैठे हैं। आप उनसे क्यों नहीं पूछते कि 'निजाम-ए-मुस्तफा' (शरिया कानून) लागू करने के नारे लगाने वाले कहां हैं। वे भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ बैठे हैं।''

लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद द्वारा नेशनल कॉन्फ्रेंस और अन्य पार्टियों की आलोचना के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने पूछा, ''उन्हें पहले क्यों नहीं रिहा किया गया? अब क्यों? उन्हें मुसलमानों को विभाजित करने और उनकी आवाज को खत्म करने के लिए रिहा किया गया है। वह भाजपा और आरएसएस के साथ हैं।

आरक्षण संबंधी बयान को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

मुंबई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी ''संविधान विरोधी मानसिकता'' को दर्शाती है।

धनखड़ ने मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत के संविधान के बारे में जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं। उन्होंने कहा, ''संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण समाप्त कर दिया जाना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह वही पुरानी संविधान विरोधी मानसिकता है, बस इसकी जिम्मेदारी किसी और ने ले ली है।'' उपराष्ट्रपति ने कहा, ''आरक्षण योग्यता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह सकारात्मक है, नकारात्मक नहीं। यह किसी को अवसर से वंचित नहीं करता, बल्कि समाज को ताकत देने वाले स्तंभों को सहारा देता है।'' हाल ही में अमेरिका की यात्रा के दौरान, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।

सीएम रेड्डी ने ओवैसी की तारीफ में पढ़े कसीदे कहा- वे कांग्रेस के खिलाफ बोलते हैं हमें खुशी होती है

हैदराबाद (एजेंसी)। कांग्रेस पर लगातार हमलावर रहने वाले एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जमकर तारीफ की। उन्होंने ओवैसी की तारीफ में कसीदे पढ़ते पढ़ते यहां तक कह दिया कि जब उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ बात की, तब भी मुझे अच्छा लगा क्योंकि हमारा अपना भाई अपनी आवाज उठा रहा था। अगर कोई हमारे खिलाफ बोलता है, तो वह हमारा दुश्मन नहीं बन जाता। सरकार चलाने में कुछ गलतियां हो सकती हैं। उन गलतियों को सुधारने के लिए हमें एक मजबूत विपक्ष की जरूरत है, चाहे वह राज्य में हो या देश में। बता दें कि ओवैसी ने कई मौकों पर कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है, खासकर मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि देश में नफरत फैलाने की कोशिशों का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार को हैदराबाद के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे राज्य के एकमात्र सांसद हैं जो संसद में लगातार गरीबों के लिए बोलते हैं। हैदराबाद में पैगंबर फॉर द वर्ल्ड नामक पुस्तक के विमोचन समारोह में बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि ओवैसी हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण के लिए अथक काम कर रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने उन्हें गरीबों की आवाज बताया। रेवंत रेड्डी ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद, गीता और बाइबिल की शिक्षाओं का सार देश और दुनिया में शांति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों को रोकने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए जो जहर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत हमारा देश है और इसकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। देश को बचाने के लिए कोई और नहीं आएगा। चुनाव जीतने की कोशिश करना गलत नहीं है, लेकिन हमें उन लोगों से सावधान रहना चाहिए जो जीतने के लिए जहर फैलाते हैं।

योगी के ज्ञानवापी ही विश्वनाथ वाले बयान पर भड़के मुस्लिम धर्मगुरु

वाराणसी। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के ज्ञानवापी ही विश्वनाथ के बयान के बाद मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। बनारस, लखनऊ, बरेली के धर्मगुरुओं ने संयुक्त बयान जारी किए हैं। वाराणसी में अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी के जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद सैयद यासीन ने कहा कि चुनाव का माहौल है, सीएम कल कह सकते हैं कि ताजमहल शंकराचार्य की समाधि है। यासीन ने कहा कि योगी एक महान इंसान हैं। क्या कहा जाए। वह जिस पद पर हैं, उन्हें ऐसे बयान देने से एहतियात बरतना चाहिए। अफसोस है कि चुनाव और अपनी राजनीति चमकाने के लिए कोई कुछ भी बोल सकता है। उन पर कोई रोक नहीं है। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ज्ञानवापी एक तारीखी मस्जिद है। वहां विवाद चल रहा है, जोकि कोर्ट में लंबित है। जिला कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग कई मामले दर्ज हैं। दोनों पक्षों के वकील जिरह कर रहे हैं। अभी नतीजा नहीं निकला है। ऐसी सूरत में सीएम योगी ने जो बयान दिया है, ऐसा कहना कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने जैसा है। उन्होंने कहा कि वह बड़ी शख्सियत हैं, जो जिम्मेदार कुर्सी पर बैठे हैं, उन्हें ऐसी बात कहना शोभा नहीं देता। सीएम तो सबका होता है, चाहे उसने वोट दिया हो, चाहे न दिया हो। लॉ एंड ऑर्डर, लोगों को सुरक्षित महसूस कराना, सीएम का काम है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख बोले: समाज में समरसता होनी चाहिए, हर वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए

अलवर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को परिवार और समाज से जुड़े 5 सूत्र बताए। उन्होंने कहा- हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। गरीब के साथ जुड़ाव रखें, उनको घर पर लेकर आएं और उनके घर पर भी जाएं। रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हम सभी को परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर बातचीत करते रहना चाहिए। शाम को खाना खाते समय एक साथ बैठें, ताकि सभी के मन की बात पता रहे। अपने गांव-ढाणी के गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने की सोच रखनी चाहिए। गरीब के घर भी जाना चाहिए। गरीब को भी अपने घर बुलाना चाहिए। समाज में समरसता का माहौल रहना चाहिए। हर तबके को साथ लेकर चलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि घर में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इस पर परिवार में एक-दूसरे के विचार जरूरी हैं। दूसरा हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिस राज्य में आप रहते हैं, उसकी वेशभूषा और खान-पान का पता रहना चाहिए। एक जगह शाखा लगाए, जिसमें हमें एक-दूसरे का पता रहना चाहिए। हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। भागवत ने कहा कि पिछड़ेपन को दूर करने के लिए हम सबको काम करने की जरूरत है। रण में जाए बिना भी देश सेवा की जा सकती है। अपनी कॉलोनी में सफाई करके भी देश सेवा कर सकते हैं। समाज को उन्नतिशील बनाए, चरित्र और शिक्षा को बेहतर बनाकर देश सेवा हो सकती है। उन्होंने कहा- देश में समरसता होनी चाहिए, हर व्यक्ति अपने आप को भारत का नागरिक समझे।

पौधे वृक्ष बने, इसकी सबको चिंता करने की जरूरत

भागवत ने पौधारोपण करने के बाद कहा कि ये लगाए गए पौधे वृक्ष बने, इसकी सबको चिंता करने की जरूरत है। आने वाली पीढ़ी को यह एक विशेष सौगात होगी। हमने प्रकृति से खूब लिया है, अब प्रकृति को भी संवारने की जरूरत है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और प्रदेश सरकार में वन मंत्री संजय शर्मा भी मौजूद थे। आरएसएस प्रमुख ने यहां 11 पौधे लगाए गए हैं।

महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनना मेरी कभी ख्वाहिश नहीं रही: शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे

अहमदनगर (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा कभी नहीं रखी। आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के चेहरे के साथ उतरने के प्रति महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों की अनिच्छा की पृष्ठभूमि में उनका यह बयान सामने आया है। अहमदनगर में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि उनकी (नवंबर) 2019 में भी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा नहीं थी।

ठाकरे ने कहा, ''चाहे मैं सत्ता में रहूं या नहीं, मैं लोगों के समर्थन से सशक्त महसूस करता हूं। बालासाहेब (ठाकरे) कभी भी सत्ता में नहीं थे, लेकिन लोगों के समर्थन के कारण सभी शक्तियां उनमें निहित थीं।'' वह पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए प्रदर्शन कर रहे राज्य सरकार के कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। ठाकरे ने पिछले महीने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) और कांग्रेस से महा विकास आघाडी के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय करने के लिए कहा था, लेकिन उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।

एमवीए के मुख्य वास्तुकार और राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि गठबंधन को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पवार ने कहा था कि मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार इस आधार पर तय किया जाएगा कि गठबंधन में कौन सी पार्टी सबसे अधिक सीट जीतती है। ठाकरे ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के लोग उनकी ताकत हैं। उन्होंने कहा, ''जब तक आप मेरा समर्थन करेंगे तब तक कोई मुझे सेवानिवृत्त नहीं कर सकता।

42 करोड़ का पुल 7 साल में हुआ जर्जर, अब 52 करोड़ में दोबारा बनेगा

अहमदाबाद (एजेंसी)। आज से सात साल पहले 2017 में 42 करोड़ की लागत से बनाया गया पुल अब किसी काम का नहीं रहा। अब इस हाटकेश्वर पुल को तोड़कर दोबारा से बनाया जाएगा। इस बार इसकी लागत 52 करोड़ रुपये होगी। अहमदाबाद नगर निगम ने पुल के पुनर्निर्माण के लिए चौथा टेंडर जारी किया है। पुल के पुनर्निर्माण की यह राशि उसी कंपनी से वसूली जाएगी जिसने इसे बनाया था। पुल की जर्जर हालत के मद्देनजर सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण पिछले दो सालों से यह पुल बंद है। एएमसी में विपक्ष के नेता शहजाद खान पठान ने हाटकेश्वर बुल को इंजीनियरिंग विफलता और भ्रष्टाचार का प्रमुख उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि अजय इंफ्रा द्वारा निर्मित इस पुल का उद्घाटन नवंबर 2017 में हुआ था, लेकिन मार्च 2021 में एक गड्ढे के कारण इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

पठान ने कहा, अगस्त 2022 में बनी स्थिरता रिपोर्ट में असुरक्षित पाए जाने के बाद पुल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। पुनर्निर्माण सहित पुल की कुल लागत केवल पांच वर्षों में 94 करोड़ रुपये होगी और यह राशि अजय इंफ्रा कंपनी से वसूल की जानी चाहिए।उन्होंने कहा, अगस्त 2022 में बनी स्टेबिलिटी रिपोर्ट में असुरक्षित पाए जाने के बाद पुल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। पुनर्निर्माण सहित पुल की कुल लागत केवल पांच वर्षों में 94 करोड़ रुपये होगी और यह राशि अजय इंफ्रा कंपनी से ही वसूल की जानी चाहिए।रिपोर्ट के अनुसार, एएमसी की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष देवांग दानी ने एक साक्षात्कार में कहा, हाटकेश्वर पुल को नुकसान के कारण बंद कर दिया गया था। एएमसी ने इसे तोड़ने और पुनर्निर्माण के लिए तीन टेंडर निकाले थे, लेकिन किसी भी कंपनी ने जवाब नहीं दिया। चौथे प्रयास में, राजस्थान की एक कंपनी ने इस प्रोजेक्ट को लेने पर सहमति जताई। एएमसी का लक्ष्य 15 दिनों के भीतर प्रक्रिया पूरी करना और अगले 18 महीनों में नया पुल तैयार करना है। वहीं, देवांग दानी ने बताया कि पुल के पुनर्निर्माण लागत का आंकलन जारी है, जबकि गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने पुष्टि की कि इसकी तोड़फोड और पुनर्निर्माण पर 52 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जो मूल ठेकेदार से वसूल किए जाएंगे। इसके जवाब में पठान ने पूछा कि जब अहमदाबाद में अन्य नए पुलों के निर्माण में 100 करोड़ से अधिक की लागत आ रही है, तो इस पुल के पुनर्निर्माण में केवल 52 करोड़ रुपये की लागत ही क्यों आएगी। उन्होंने यह भी पूछा कि सभी नए पुलों पर लागत बचाने का ऐसा ही तरीका क्यों नहीं अपनाया जा सकता। अहमदाबाद कांग्रेस के शहर अध्यक्ष हिम्मत सिंह पटेल ने भी चिंता जताते हुए सवाल किया कि हाटकेश्वर पुल मामले में शामिल ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ कोई जांच क्यों नहीं की गई। उन्होंने भाजपा पर कार्रवाई से बचने और ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का चुनिंदा तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

अयोध्या में इस बार और भी भव्य होगा दीपोत्सव.... भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे

अयोध्या (एजेंसी)। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में इस साल दीपोत्सव को और भी भव्य बनाने की तैयारियाँ हो रही हैं। जिला प्रशासन ने दीपोत्सव के आयोजन को लेकर व्यापक योजना बनाकर कार्यों की निगरानी शुरू कर दी है। इस बार दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों की गति को बढ़ाया गया है।

हाल ही में, अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने दीपोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिक्रमा मार्ग, राम की पैड़ी और धर्मपथ पर बनाए गए फूड प्लाजा का भी जायजा लिया। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि फूड प्लाजा को दीपोत्सव से पहले 3 फीट पीछे किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुविधा को बेहतर बनाया जा सके। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या की भव्यता को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या में कई नई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। इसके पहले, कई परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

अयोध्या में इस बार दीपोत्सव के मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने इस भीड़ को संभालने और मेहमानों के स्वागत की तैयारियों में जुटा हुआ हैं। दीपोत्सव के दौरान जिन मार्गों पर भीड़ अधिक होने की संभावना है, वहां के विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कमिश्नर गौरव दयाल ने पुष्टि की कि विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दीपोत्सव से पहले अधिकांश कार्य पूरे कर लिए जाएं। इस प्रकार, अयोध्या की धार्मिक गरिमा और दिव्यता को बनाए रखते हुए दीपोत्सव को एक अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए पूरी तैयारियाँ की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा के साथ पंडित दीन दयाल जयंती, गांधी जयंती पर भाजपा करेगी अनेकों सेवा कार्य

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी) भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने महानगर में चल रहे सदस्यता अभियान की पकड़ बूथों पर सुदृण करने के उद्देश्य से मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी तथा महानगर के पदाधिकारी संग नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सभी को संगठन के लहजे में निर्देशित किया गया कि व्यक्तिगत सदस्यता से अलग प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने की अनिवार्यता को वरीयता देते हुए बूथ की सदस्यता डोर टू डोर अभियान में और तेजी से जुट जाना है। साथ ही साथ उन्होंने बैठक के दौरान पार्टी द्वारा निर्देशित संगठन के नए आयाम के बारे में भी विस्तार पूर्वक जनकारी दी। उन्होंने बताया संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे महानगर में उत्साहपूर्ण वातावरण में चल रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। कार्यकताओं की बदौलत ही गाजियाबाद महानगर अपना स्थान अपनी विशेष पहचान बनने पर काबिज है। फिर भी हमें बूथों पर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को अर्जुन के लिए मछली की आंख वाली उक्ति के साकार पूरा करना है। हम सब के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है कि 17 सितम्बर को विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। ₹सेवा परमो धर्म:₹को चरितार्थ करते हुए समाज के गरीब शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अनेकों उल्लेखनीय कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे है। किसान कल्याण को प्राथमिकता के साथ-साथ अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु मोदी सरकार द्वारा अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए जा

रहे हैं। हम सभी देशवासी माननीय प्रधानमंत्री की कोटि-कोटि प्रशंसा एवं अभिनंदन कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के निदेर्शानुसार जिला महानगर में सेवा पखवाड़ा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं गांधी जयंती के दौरान आयोजित की जा सकने वाली विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम होंगे। 17 सितम्बर को पूरे महानगर में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, आयोग, बोर्ड, निगम के पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर,नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, महानगर पदाधिकारी एवं प्रत्येक मंडल से पांच लोगों की समिति सहित सभी जनप्रतिनिधि स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रक्तदान शिविर में भी शामिल होंगे। स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से 17 से 19 सितम्बर, 2024 को महानगर में रक्तदान शिविरों का आयोजन होना है। युवा मोर्चा द्वारा इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। 18 सितम्बर से 24 सितम्बर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम तय किए हैं। मण्डल के किसी एक स्कूल एवं एक अस्पताल में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। 23 सितम्बर को आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के दिन, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्थान पर 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन होगा। सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों को इन स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन में अग्रणी भूमिका की ज़िम्मेदारी तय की गई है। महानगर में एक विद्यालय परिसर में 15 दिनों तक प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों की एक सचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। अन्य इण्टर कॉलेज के छात्रों को उस विद्यालय में लाकर प्रर्दशनी दिखाना तथा आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 और वोकल फॉर लोकल प्रसंगों पर आधारित प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। स्थानीय वन विभाग के समन्वय से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान एवं ₹एक पेड़ माँ के नाम ₹ अभियान भी चलाया जाएगा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती 25 सितम्बर (अधिकतम सदस्यता दिवस) प्रत्येक बूथ पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित करनी है एवं उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कार्यक्रम होना हैं। कार्यक्रम के पश्चात बूथ पर एकत्रित सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सदस्यता करायेंगे। सभी को उस दिन बूथ पर न्यूनतम 100 सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करना है। महात्मा गांधी जयंती - 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। प्रत्येक भाजपा परिवार को इस दिन कम से कम एक खादी उत्पाद खरीदना अनिवार्य है। जिससे खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा मिल सके। उक्त जानकारी भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी द्वारा दी गई।

महिला कांग्रेस ने की देशव्यापी ऑनलाइन सदस्यता अभियान की शुरूआत महिला कांग्रेस की स्थापना के 40 वर्ष पूरे होने पर शुरू हुआ अभियान

संस्कार उजाला

नई दिल्ली, 15 सितंबर रविवार को महिला कांग्रेस की स्थापना के 40 वर्ष पूरे होने पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने देशव्यापी ऑनलाइन सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए वेबसाइट भी लॉन्च की। अभियान की शुरूआत करते हुए नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में अलका लांबा ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने आज यानी 15 सितंबर 2024 को अपने 40 साल पूरे कर लिए हैं। महिला कांग्रेस की स्थापना आज से 40 साल पहले बेंगलुरु में हुई थी। इसकी स्थापना देश की पहली महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न इंदिरा गांधी ने की थी। इस मौके पर हम उन्हें याद करते हुए ये संकल्प लेते हैं कि महिला कांग्रेस देश की आधी आबादी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए जिस तरह हमेशा संघर्षरत रही है, वैसे ही आगे भी रहेगी।



लांबा ने कहा, स्थापना दिवस पर महिला कांग्रेस अपनी वेबसाइट लॉन्च कर रही है। इसके माध्यम से देशव्यापी ऑनलाइन सदस्यता अभियान की शुरूआत हो रही है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की सदस्य बनने के लिए [illegible] पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने देश की सभी महिलाओं से महिला कांग्रेस के साथ जुड़ने की अपील की। लांबा ने कहा, महिला कांग्रेस अन्याय का सामना कर रही महिलाओं के साथ पूरी ताकत बनकर खड़ी रहेगी। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस की सदस्यों को सशक्त और सक्षम बनाने के लिए जल्द एक विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संदेश में कहा, आधी आबादी को पूरा हक मिलना एक संवैधानिक दायित्व है। कांग्रेस इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ने आजादी की लड़ाई से लेकर अंतरिक्ष की उड़ान तक राष्ट्र के निर्माण में अपना बराबरी का योगदान दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा, महिला कांग्रेस का अथक परिश्रम भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। महिलाओं के सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए महिला कांग्रेस के संघर्ष एवं समर्पण को सलाम है।

गाजियाबाद वरिष्ठ समाजसेवी छोटे लाल कनोजिया जन्मदिवस के शुभ अवसर पर श्री दूघेश्वरनाथ महादेव मठ मन्दिर व ठाकुरद्वारा मंदिर गाजियाबाद मे दर्शन किये भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के बाद उनसे आशीर्वाद लिया सभी मिलने वालों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी) आज दिनांक 15/9/2024 को पुरुषार्थ सेवा समिति के संगठन सचिव का जन्मदिन श्री चन्देश्वर भगत वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी के प्रतिष्ठान सी एस टूल्स विकास नगर इन्डस्ट्रीयल एरिया में बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया , जिसमें केक काटकर और पगडी तथा पटके पहनाकर सभी उपस्थित साथियों ने सम्मानित किया , छोटे लाल कनोजिया शहर में एक जाने माने समाज सेवी होने के साथ साथ युग परिवर्तन सेवा समिति के महामन्त्री तथा मगध विकास समिति के महामन्त्री भी

हैं , उनके जन्मदिन सम्मान समारोह में उपस्थित रहने वालों में पुरुषार्थ सेवा समिति के संस्थापक डी सी बंसल , कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, मीडिया प्रभारी राहुल कंसल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्देश्वर भगत तथा अमित बच्चन, एवं युग परिवर्तन सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी मुख्य रूप से रहे , स्वागत के पश्चात सूक्षम नास्ते का प्रोग्राम रखा गया ,डी सी बंसल (संस्थापक पुरुषार्थ सेवा समिति)

गाज़ियाबाद में युवक को बंधक बनाकर मांगी सवा लाख की फिरौती OYO होटल से दबोचे गए चार आरोपी

संस्कार उजाला

संवाददाता माधव कुमार

गाजियाबाद। के मुरादनगर में एक युवक को बदमाशों ने ओयो होटल में बंधक बनाकर सवा लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने युवक के स्वजन की सूचना पर होटल में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने कर्ज उतारने के लिए रंगदारी मांगी थी। युवक को सकुशल उसके स्वजन को सौंपा गया है। आरोपितों ने कर्ज उतारने के लिए रंगदारी मांगी थी। गाजियाबाद। मुरादनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक का अपहरण कर स्वजन से सवा लाख की फिरौती मांगी। मना करने पर युवक की हत्या करने की धमकी दी। युवक को मनोटा स्थित ओयो होटल

रायल आर्बिट इन के कमरे में बंधक बनाए रखा। कर्ज उतारने के लिए मांगी थी रंगदारी एक युवक पिस्टल सटाए उसके पास बैठा रहा। पुलिस ने युवक के स्वजन की सूचना पर होटल में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। युवक को सकुशल उसके स्वजन को सौंपा गया है। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि कर्ज उतारने के लिए रंगदारी मांगी थी।

संक्षिप्त डायरी

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल (एंटी रोमियो स्कवायड) द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों/अराजक तत्वों के विरुद्ध चलाए गया चेकिंग अभियान।

संस्कार उजाला

विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा

आज दिनांक 15.09.2024 को जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया ।

जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग की गयी ।

संस्कार उजाला

विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा

जनपद की कानून व्यवस्था/ सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में आज दिनांक 15.09.2024 को जनपद के समस्त थानाध्यक्ष/ थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया ।

एसडीएम साक्षी शर्मा ने ग्रामीणों की जल भराव समस्या का अस्थाई निस्तारण कराया

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली ब्लॉक के गाँव राजपुर की मड़ैया में हो रहे जलभराव से परेशान ग्रामीणों कि समस्या का हुआ अस्थाई निस्तारण। बता दें कि सिंभावली ब्लॉक के गाँव राजपुर की मड़ैया। निवासी दीपक कुमार,मूलचंद,रविंद्र लाल सेल्समेन,सागर, किरण पाल,कुंवर पाल,सोनू, सुरेंद्र पाल, शबरंग सिंह, राकेश,अनिकेत, राम भूल,डॉक्टर ईश्वर शर्मा ने गांव में हो रहे जल भराव की समस्या को लेकर एसडीएम साक्षी शर्मा के कार्यालय में शिकायत कर निस्तारण की मांग की थी। जिसमें गाँव में हो रहे जल भराव से ग्रामीण बहुत बड़ी समस्या से जूझ रहे है। जिसको लेकर एसडीएम साक्षी शर्मा का कहना है कि गाँव राजपुर मड़ैया के ग्रामीणों द्वारा शिकायत आई थी कि गाँव में जल भराव के कारण ग्रामीणों को बहुत बड़ी समस्या का सामना करना है। उनके घरों के अंदर तक पानी पहुंच चुका है।जिस कारण रास्तों पर चलना मुश्किल हो रहा है जिसके मद्देनजर गाँव मे हो रहे जलभराव से संक्रामक बीमारियों के पैर पसारने पर रोक लगाने को लेकर अस्थाई पानी की निकासी के लिए व्यवस्था की गई है। जल्द ही गाँव मे पानी की निकासी के लिए स्थाई रूस से नाला खुदवाया जाएगा। ताकि गाँव मे गन्दे पानी का जल भराव न हो सके।

वक्फ बोर्ड की भूमि पर जो कहा वो खुलकर नही बंद शब्दों में बोल गए ।आरिफ मोहम्मद खां

संस्कार उजाला

रिपोर्ट:- सलीम खान/आसिम अजीज

रामपुर। में केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने वक्फ बोर्ड के बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें राजनीतिक प्रभाव डाला गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ के मामलों में जो हो रहा है, वह नहीं होना चाहिए। कुछ समय पहले उनके पास भी वक्फ डिपार्टमेंट रहा था, और उस दौरान उन्होंने वक्फ से जुड़े मुद्दों को गहराई से समझा। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ बोर्ड द्वारा कोई ढंग का एजुकेशनल इंस्टिट्यूट नहीं चलाया जा रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। इसके साथ ही, उन्होंने वक्फ कानून में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि यह समय की मांग है कि इन मामलों में सुधार किया जाए। राज्यपाल ने अपने संबोधन के दौरान कुरआन की सुरह का पाठ भी किया और उसकी तफसील समझाते हुए कहा कि यदि समय के साथ आगे नहीं बढ़ा जाएगा, तो कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बदलाव नहीं हुए तो आपकी जगह किसी और को बैठा दिया जाएगा।

इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया इंजीनियर डे

संस्कार उजाला

साहिबाबाद (आशा चौधरी) इंजीनियर्स क्लब एनसीआर के तत्वावधान में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में इंजीनियर डे का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख इंजीनियरों में इं. सुभाष चंद (रेलवे), इं. श्रीदत्त कौशिक (उद्योग), इं. जी.सी. त्रिपाठी (मेरठ), इं. शिवराज सिंह (जल निगम), इं. महेश चंद शर्मा, इं. अमरीष गर्ग (अध्यक्ष, उद्योग), इं. सत्यम अग्रवाल (मुख्य संयोजक, व्यापार), इं. शिशिर गोयल, इं. यशपाल सिंह, और इं. त्रिपाल सिंह शामिल थे।कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ₹सस्टेनेबल सॉल्यूशन फॉर सोसाइटी के प्रोब्लमस₹ विषय पर पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें

प्रतिभागियों ने बेहतरीन समाधान प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता में अनुष्का गौतम, ख्याति शर्मा, और मयंक त्यागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें तीन हजार रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर शुभम जोशी और प्रणय निगम रहे, जिन्हें दो हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। तीसरा स्थान कुणाल शर्मा, हर्ष कौशिक, और हर्षित मिश्रा को मिला, जिन्हें एक हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. अजय कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ मीनाक्षी शर्मा, डॉ विजई सिंह, डॉ पूजा त्रिपाठी, डॉ तृप्ति शर्मा, डॉ कुमुद कुंडू, डॉ नीता वर्मा, डॉ रागिनी मौजूद रहे। रहे।

सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी, व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सम्मान समरोहका आयोजन

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

दिनांक 15 सितम्बर 2024 को हाई टेक इन्जीनियरिंग कालिज नेशनल हाईवे 9 में किया गया । इसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक़्फ़, एंव हज विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ओमप्रकाश राजभर द्वारा पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वैश्य व्यापारियों की सुरक्षा के लिए एक वैश्य रेजीमेंट होनी चाहिए । व्यापारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जायेगा । गाज़ियाबाद के किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो वह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ अशोक अग्रवाल के माध्यम से मुझसे सम्पर्क कर सकते है , उनकी समस्याओं का पूरा समाधान किया जायेगा । पत्रकारों द्वारा 2027 के निर्वाचन मे एन डी ए गठबंधन की सरकार बनने के सवाल पर मंत्री जी द्वारा कहा गया कि हमारी ही सरकार बनेगी । प्रेस कॉन्फ्रेंस का संचालन संजय अग्रवाल द्वारा किया गया ।सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये पार्टी व व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री जी का स्वागत हार पहना कर किया गया । आन्नद प्रकाश चैयरमैन हाई टेक इन्जीनियरिंग कालिज, अशोक अग्रवाल नमक वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा मंत्री जी का हार द्वारा स्वागत किया गया मंत्री जी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये प्रतिनिधियों का माला पहनाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया गया गाज़ियाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल गर्ग (विजय सनेटरी) , राम अवतार जिन्दल, अनिल अग्रवाल साँवरिया व आन्नद प्रकाश चेयरमैन हाई टेक इन्जीनियरिंग कालिज को उनके समाज में व्यापारियों के लिये किये गये सेवा कार्यो व उत्कृष्ट समाजसेवा के कार्यो के लिये माननीय मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन डा० अरविन्द राजभर द्वारा किया गया कार्यक्रम में विशेष रूप से अरून राजभर राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता, डा० अरविन्द राजभर, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, वीरेंद्र कुमार राजभर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, दया राम भार्गव राष्ट्रीय प्रवक्ता,नागेन्द्र कश्यप युवा अध्यक्ष पश्चिम , ज्ञानेन्द्र चौधरी ज़िलाध्यक्ष मुजफ़्फरनगर, सुशील बंजारा अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र, राजू पंडित,विनीत माहेश्वरी, कैलाश गोयल, पीताराम राजभर राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी, शक्ति सिंह राष्ट्रीय महासचिव, हरेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राधिका पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला ,प्रेम चन्द्र कश्यप प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व राकेश गौड़ प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल और हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया ।

गाजियाबाद में 17 सितंबर को मांस-मछली की दुकानें रहेंगी बंद

संस्कार उजाला
माधव कुमार, संवाददाता

गाजियाबाद में चिकन और मीट की दुकानें बंद रहेंगी। दुकानें 17 सितंबर यानी मंगलवार को बंद रहेंगी। इस दिन अनंत चतुर्दशी विश्वकर्मा पूजा है। जिला प्रशासन ने कार्रवाई की चेतावनी दी है अगर कोई इस दिन दुकान खोलता पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस बार विश्वकर्मा पूजा का संयोग दो दिन का पड़ रहा है। गाजियाबाद शहर में 17 सितंबर को मांस व मछली की दुकानें बंद रहेंगी। मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार अनंत चतुर्दशी के दिन उपरोक्त सभी दुकानें बंद रहेंगी। अगर किसी नए नियमों को अवहेलना करते हुए दुकान खोली तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। विश्वकर्मा पूजा महत्वपूर्ण पर्व विश्वकर्मा पूजा हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इसे विश्वकर्मा जयंती व विश्वकर्म दिवस के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है। इस दिन लोग अपने वाहन, मशीन, औजार, कलपुर्जे, दुकान आदि की पूजा करते हैं। साथ ही घर में विभिन्न प्रकार के पूजा अनुष्ठान करते हैं। इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में काफी कन्फ्यूजन बनी हुई है, जिसे आज हम दूर करेंगे।

संक्षिप्त डायरी

गाजियाबाद थाना मधुबन बापूधाम झगड़े के दौरान मां की मौत

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

थाना मधुबन बापूधाम में झगड़े के दौरान एक व्यक्ति बिजेन्द्र जोकि अपने भाई तथा माँ के साथ रहते है, के द्वारा सूचना दी गई कि उनके पड़ोस में रहने वाले माजिद से उनका लड़ाई झगड़ाकहासुनी हो रही थी उसी दौरान माजिद ने उनकी माँ रामवती देवी को धक्का दे दिया जिससे उनको चोट आई तथा वो गिर गई । परिजनों द्वारा तत्काल रामवती देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहाँ डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया उक्त सूचना पर तत्काल ही स्थानीय पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु भेजा गया ।उक्त प्रकरण में परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा आरोपी माजिद को पुलिस हिरासत में लिया गया है । पूछताछ तथा साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

गाजियाबाद अभियन्ता दिवस पर सिविल डिप्लोमा इंजिनियर संघ की तरफ से लगाया गया रक्त शिविर

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

दिनांक 15,9,2024 को डिप्लोमा इंजी0 महा संघ के तत्वाधान में अभियंता दिवस के अवसर पर एम0 विश्वेसरैया जी का माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे निम्न लिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया
इं0ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष विकास प्राधिकरण संघ
इं0रामेन्द्र शर्मा,प्रांतीय प्रचार सचिव, महा संघ
इं0प्रकाश चंद,प्रांतीय महासचिव, लोक निर्माण विभाग
इं0सतेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष, सिचाई विभाग
इं0राज कुमार वर्म, अधिशासी अभियंता सिंचाई
इं0विमल कुमार, जनपद अध्यक्ष, ग्रामीण अभियंत्रण
इं0एम0बी0 कौशिकअधिशासी अभियंता आवास विकास
यह रक्तदान इं0 आर0 के0 दत्ता कि स्मृति में किया जाता है
इं0 दत्ता के पुत्र संदीप दत्ता जी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

गाजियाबाद समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लोहिया वाहिनी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

समाजवादी पार्टी कार्यालय जनपद गाजियाबाद पर लोहिया वहिनी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट द्वारा की गई मासिक बैठक में आगामी उपचुनाव को लेकर सेक्टर पर्यवेक्षकों की सूची बनाई गई जिसमें असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी ने अपनी जिला कार्यकारिणी को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जनपद गाजियाबाद में होने वाले उपचुनाव को लोहिया वाहिनी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी एवं भूमिका को जिम्मेदारियां के साथ निभैगी जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष नितिन त्यागी जिला महासचिव राजन कश्यप महानगर महासचिव असलम कुरेशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष रविंदर यादव महानगर अध्यक्ष - यूथ ब्रिगेड योगेश सिरोही महानगर उपाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफ मोहम्मद आसिफ सैफी जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी हाजी नासिर अंसारी बस जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी समीर खान जिला सचिव लोहिया वाहिनी कमरुद्दीन खान कपिल यादव जिला सचिव लोहिया वाणी सलमान सैफी नगर अध्यक्ष डसना लोहिया वाहिनी वसीम अंसारी जिला उपाध्यक्ष लोहिया वहिनी मोइनुद्दीन जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी खालिद बुखारी जिला सचिव अजय कुमार ब्लॉक अध्यक्ष रजापुर लोहिया वाहिनी साबिर सलमान सैफी नगर अध्यक्ष डासना लोहिया वाहिनी अरमान सदस्य जिला कार्यकारिणी लोहिया वाहिनी तरुण जाटव उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी अक्षय जाटव संजय जाटव मुल्तजी खान सानु सैफी तरुण जाटव साजिद सैफी महानगर सचिव आमिर खान समीर मलिक एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष लोहिया वाहिनी इरशाद प्रधान कमरुद्दीन खान मोहम्मद शाहिद कोषाध्यक्ष लोहिया वाहिनी सुधीर वाल्मीकि जिला सचिव लोहिया वहिनी आदि लोग उपस्थित रहे।

सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में आयोजित श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का हुआ समापन

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

भगवान गणेश भक्तों के सभी विघ्नों को हरने वाले हैं: श्रीमहंत हरि गिरि महाराज भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से जीवन में हमेशा खुशहाली रहती है: महंत नारायण गिरि महाराज गणेश शोभा.यात्रा को महंत हरि गिरि महाराज ने हरी झंडी दिखाई गढमुक्तेश्वर स्थित कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद गंगा में मूर्ति का विसर्जन किया गया गाजियाबाद सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में आयोजित श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का समापन रविवार को मूर्ति विसर्जन के साथ हो गया। मूर्ति विसर्जन श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता में गढमुक्तेश्वर में प्राचीन कल्याणेश्वर महादेव मंदिर के निकट गंगा जी में किया गयाए जहां भक्तों ने भाव.विभोर होकर भगवान गणेश को गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से बिदाई दी। मूर्ति विसर्जन से पहले मंदिर से भव्य गणेश शोभा.यात्रा निकाली गई जिसका जगह.जगह भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। शोभा.यात्रा का श्रीगणेश श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने हरी झंडी दिखाकर किया। महंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि भगवान गणेश भक्तों के सभी विघ्नों को हरने वाले हैं। उनकी पूजा.अर्चना से सभी कष्ट सभी दुख व विघ्न दूर हो जाते हैं और जीवन में खुशियां ही खुशियां आती हैं। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर व मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि महाराज लोगों के विघ्नों को हरनेए उनके जीवन को सुखमय बनाने के लिए हर वर्ष श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। गणेश जी को विदाई देने का यही मतलब है कि जिस प्रकार आपने हमारे सभी कष्ट दूर किए, अब आप अन्य भक्तों के कष्ट भी दूर करें। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म में सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है क्योंकि वे बुद्धि व शुभता के देवता हैं। हमारे अंदर बुद्धि होगी और हमारे जीवन में शुभता आएगी, तभी हमारे सभी कष्ट व विघ्न दूर होंगे। भगवान गणेश का पूजन करते समय भगवान गणेश को सिंदूर का तिलक लगाना बहुत शुभ माना जाता है। अत: उन्हें सिंदूर का तिलक अवश्य लगाएं। इस दौरान ऊँ गं गणपतये नमः का जाप करने से माता लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती है। आर्थिक कष्ट दूर होते हैं और जीवन धन.धान्य से भरपूर रहता है। महाराजश्री ने कहा भगवान गणेश की मूर्तिका विसर्जन नवें दिन किया गया क्योंकि नवां दिन बहुत ही शुभ होता है। प्राचीन देवी मंदिर के महंत गिरीशानंद गिरि महाराज, थानापति महंत आनंदेश्वरानंद गिरि महाराज, श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर विकास समिति के उपाध्यक्ष अनुज गर्ग, श्री दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, श्री दूधेश्वर वेद विद्यापीठ के सचिव लक्ष्मीकांत पाढी, अमित कुमार शर्मा, तोयराज उपाध्याय, रोहित त्रिपाठी सामवेदी, वरिष्ठ पत्रकार व कवि राज कौशिक आदि ने भगवान गणेश की पूजा.अर्चना की। शोभा.यात्रा मंदिर से होते हुए डासना गेट, दिल्ली गेट, रमते राम रोड, गंज, घंटाघर, चौपला मंदिर, सिहानी गेट होते हुए जीटी रोड स्थित मीनामल की धर्मशाला में जाकर सम्पन्न हुई। रास्ते में शोभा-यात्रा का जगह .जगह स्वागत किया गया। राईट गंज में दिनेश कुमार गोयल, घंटाघर अनाज मंडी में नरेश प्रधान, चौपला मंदिर पर ईश्वर पंडित, शिवकुमार, सिहानी गेट में गौरव गर्ग, एसबीएन ग्रुप के डायरेक्टर तरूण रावत, नेशनल रफतार के संपादक यथार्थ शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल व मीनामल की धर्मशाला में मैनेजर सुनील शर्मा समेत बडी संख्या में भक्तों ने भव्य स्वागत किया। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मीनामल की धर्मशाला से भगवान गणेश की मूर्ति को गढमुक्तेश्वर में प्राचीन कल्याणेश्वर महादेव मंदिर ले जाया गयाए मंदिर के महंत सूयानंद गिरि महाराज ने पूजा-अर्चना की। बडी संख्या में भक्तों की मौजूदगी में मूर्ति का विधि-विधान के साथ गंगाजी में विसर्जन किया गया। प्राचीन कल्याणेश्वर महादेव मंदिर सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर की ही शाखा है और मंदिर के महंत सूयानंद गिरि महाराज श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि महाराज के शिष्य हैं।

गाजियाबाद रामलीला ग्राउंड में लग रहा है वृहद रोजगार मेला

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

जिसका मिनिमम क्राइटेरिया दसवीं पास है जो भी आपके भाई बंधु , महिलाएं, कॉलेज स्टूडेंट फाइनल ईयर रोजगार की तलाश में है रामलीला ग्राउंड घंटा घर मे 18 सितंबर को सुबह 9 :00 बजे से से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा जिसमें 150 कंपनियां भागीदारी कर रही हैं और जहां तक उम्मीद है जो भी रोजगार के लिए आएगा निराश होकर कोई नहीं जाएगा सभी को रोजगार मिलेगा आप सभी लोग सादर आमंत्रित हैं निवेदक: गाजियाबाद प्रशासन जनहित में जारी इस मैसेज को सभी जगह साझा करें।

गाजियाबाद दसलक्षण के पावन पर्व पर एस. एस. डी. जैन पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने प्रस्तुत किया धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

दसलक्षण के पावन पर्व पर एस. एस. डी. जैन पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री अजय जैन दीप प्रज्जवलित करके किया साथ में सहयोग समिति एवं समाज के सम्मानित लोगों ने किया।उसके उपरांत विधिवत शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती लता चंद्रा ने आयोजन में उपस्थित सभा जनों एवं दर्शकों का स्वागत गर्मजोशी से किया। इस कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति कक्षा आठ की छात्राओं आस्था एवं सिद्धि द्वारा सरस्वती वंदना द्वारा की गयी। तत्पश्चात नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा कव्वाली का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें बच्चों ने छोटी बड़ी शिकायतों को अति मोहक रूप से प्रस्तुत किया। आशीष, गिरीशा, यश ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से दर्शकों का मनमोह लिया। बालश्रम पर आधारित नृत्य नाटिका के द्वारा कक्षा 4,5,6,7 के छात्र एवं छात्राओं (वाणी, कौशल, कृष्णा, संयम) ने सभी दर्शकों के मन में एक प्रश्नचिन्ह छोड़ा। अगली प्रस्तुति कक्षा पांच के छात्र एवं छात्राओं (सानवी, तनवी, वैभव, अपर्णा आर्यन, आदित्य, नवीन, पंखुड़ी, रिया) द्वारा सामूहिक नृत्य की थी।इसी मनमोहक नृत्य को देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। तत्पश्चात कठपुतली डांस कक्षा 5,6,7,8 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अद्भुत नृत्य की वेषभूषा ही निराली थी। इस नृत्य को देखकर संपूर्ण हॉल तालियों की गूंज से गुंजायमान हो गया। इस सुंदर नृत्य की प्रस्तुति (आरोही, घानी ,परिधि ,दिया, अनु, मांडवी, महक एवं गरिमा) द्वारा की गयी। इन सुंदर प्रस्तुतियों के सम्मोहन से दर्शकगण अति आनन्दित हो रहे थे। उन्होंने करतल ध्वनि द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस के बाद अति सुंदर नृत्य नाटिका ह्यवृद्धाश्रम का प्रस्तुतीकरण कक्षा 6, 7, 8 के छात्र एवं छात्राओं (विशाखा, दीपिका, पीहू ,आदित्य) द्वारा किया गया। इस नाटिका को देखकर सभी दर्शक भावविभोर हो गए। अब बारी थी लघु नाटिका की जिसका शीर्षक था अकलंक -निकलंक की कथा तथा सुकुमाल मुनि की कथाह्ल प्रस्तुत नाटिका में बताया गया कि किस प्रकार जैन धर्म को बचाने के लिए मुनियों ने अपने प्राणों की आहुति दी। कक्षा सात. आठ के छात्र अथर्व, मयंक, कृष्णा, मनन, नमन, शौर्य, वेतन,ने अति जीवंत प्रस्तुति प्रस्तुत की जो सभी दर्शकों के हृदय में अमिट छाप छोड़ गई। सारा वातावरण तालियों की गूंज से भर गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को शुभ आशीष प्रदान करते हुए विद्यालय की प्रगति के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की तथा प्रधानाचार्य तथा सभी अध्यापिकाओं के अथक प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की। जिन्होंने इतनी लगन से निष्ठा के साथ इतना सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करवाया। साथ ही छात्रों एवं उनके माता पिता को धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस कार्यक्रम को संपन्न बनाने के लिए अपना अमूल्य सहयोग दिया तथा उपस्थित समस्त छात्र एवं छात्राओ को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के सचिव अजय जैन ने उपस्थित मुख्यअतिथि, स्कूल की समस्त कार्यकारिणी, परम संरक्षक, संरक्षक एवं समाज के उपस्थित सभी सम्मानित धर्मप्रेमी बंधुओं, महिलाओं एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से धर्म की प्रभावना बढ़ती है, बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा का विकास होता है, तथा आत्म विश्वास बढ़ता है।
अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या लता चंद्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकगणों, विद्यालय की अध्यापिकाओं, सहयोगी स्टाफ, छात्र एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन, अजय जैन सचिव, प्रदीप जैन, सुनील जैन,आलोक जैन,राजन जैन,प्रधानाचार्या लता चंद्रा आदि का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की कोर्डिनेटर परीना जैन द्वारा मंच का संचालन बहुत ही प्रभावपूर्ण ढंग से किया गया।

गाजियाबाद के वेव सिटी में प्लॉट खरीदकर घर बनाना मुश्किल, खाली पड़े हैं 450 खरीदारों के भूखंड

संस्कार उजाला
माधव कुमार, संवाददाता

गाजियाबाद की वेव सिटी में प्लॉट खरीदने वालों के लिए घर बनाना मुश्किल हो गया है। किसानों के विरोध के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। 450 से अधिक खरीदारों के प्लॉट एक दशक से अधिक समय से खाली पड़े हैं। पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के माध्यम से करीब 388 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कराया गया था। गाजियाबाद। घर बनाने के लिए वेवसिटी में प्लॉट लेकर बनाना खरीदारों के लिए टेढ़ी खीर हो गया है। निर्माण कार्य कराने के दौरान किसानों की ओर से विरोध किया जाता है। ऐसे करीब 450 खरीदारों के प्लॉट एक दशक से अधिक समय से खाली पड़े हैं। कुछ लोगों ने विरोध कर रहे किसानों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप है।

गाजियाबाद में शर्मसार करने वाली हरकत जूस में पेशाब मिलाकर परोसने के मामले ने सोशल मीडिया पर तहलका मचाया दिया

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)



लोनी बार्डर थानाक्षेत्र की इंदिरापुरी चौकी क्षेत्र में स्थित खुशी जूस कॉर्नर पर जूस में पेशाब मिलाकर पिलाए जाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल है। आपसी विश्वास और मानवताा को कलंकित करने वाले वीडियो को देख लोग यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि नफरत में कोई इस कदर अंधा कैसे हो सकता है, जो ग्राहक उसकी रोजी-रोटी का जरिया हैं उन्हीं के साथ इतना बड़ा धोखा। लोग इस वीडियो पर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक्स पर रिषी बागरी नाम के यूजर ने शुक्रवार शाम खुशी जूस कॉर्नर पर आमिर की धुनाई का वीडियो अपलोड किया। इस वीडियो को 17 घंटे में 17 हजार से अधिक लाइक और साढ़े छह लाख व्यूज मिल चुके हैं। इतना ही नहीं वीडियो को सात हजार शेयर मिले हैं और साढ़े आठ सौ कमेंट। वीडियो पर गुस्सा निकाल रहे लोग इस वीडियो को एक्स पर मिल रहे कमेंट्स में कोई जूस शॉप को सोनू सूद की फेवरेट दुकान बता रहा है तो कोई विक्रेता की पहचान जानने की पैरवी कर रहा है। कई यूजर अस्वास्थ्यकर और अन हाईजैनिक बताते हुए स्ट्रीट फूड का बहिष्कार करने की बात भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है कि इन्हें पीटने से कुछ नहीं होगा, इनके साथ वहीं होना चाहिए जो ये औरों के साथ कर रहे हैं। एक यूजर ने तो यहां तक लिख दिया कि ये लोग सभ्य समाज में रहने लायक ही नहीं हैं। एक यूजर ने गाजियाबाद के उत्तर प्रदेश में और योगी जी के राज में होने की बात कहते हुए इसे शर्मनाक बताया है। पेशाब करने के लिए जगह न होने की बात कही ऊधर जूस कॉर्नर से गिरफ्तार किए गए आमिर पुत्र साबिर खान ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि जूस में पेशाब मिलाकर पिलाए जाने का आरोप बेबुनियाद है। जूस कॉर्नर के आसपास पेशाब करने के लिए जगह नहीं है। दुकान से पेशाब करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था, इसलिए हम लोग बोतल में ही पेशाब कर लिया करते थे, लोगों ने बोतल पेशाब देखकर गलत अंदाजा लगा लिया। चचेरे भाई की दुकान चला रहा था आमिर पुलिस हिरासत में आमिर ने पूछताछ के दौरान बताया कि जूस कॉर्नर का काम उसका नहीं बल्कि उसके चचेरे भाई का है। भाई एक महीने बहराइच जनपद स्थित गांव गया हुआ था, उसके पीछे आमिर खान एक नाबालिग के साथ खुशी जूस कॉर्नर का संचालन कर रहा था। जूस में पेशाब मिलाकर पिलाए जाने की खबर से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोग मांग कर रहे है आसपास की खाने पीने की दुकानों की भी जांच होनी चाहिए। विधायक ने एनएसए की मांग की लोनी विधायक ने मामले में कहा है कि यह सनातन धर्म को खंडित करने की साजिश है। इस घटना से हिंदूओं की भावनाएं आहत हुई हैं। आरोपी के खिलाफ एनएसए के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा पहचान छिपाकर दुकान करने वालों का बहिष्कार होना चाहिए। ऐसी हरकतों के चलते ही योगी सरकार ने दुकानदार का नाम सार्वजनिक करने के आदेश दिए थे। लोग अपने विवेक का इस्तेमाल करें और ऐसे लोगों से खाने पीने का सामान न लें। कोई फुटेज हो तो उपलब्ध कराएं एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि आमिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है। मौके से बरामद केन में मिले पेशाब को जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस को मौके पर कोई सीसीटीवी नहीं मिला, जिससे कुछ और साक्ष्य एकत्र किए जा सकें। पुलिस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा है कि मामले में किसी के पास कोई इलेक्ट्रोनिक एविडेंस हो तो उपलब्ध करा सकता है।

थाना बेव सिटी क्षेत्र में कंटेनर को निकाल रही क्रेन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से क्रेन चालक की मौत, जबकि तार टूटने से एक बाईक सवार भी चपेट मे आने से घायल बाईक क्रेन को बुलाया गया सवार युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी)

मिली जानकारी के अनुसार* थाना बेव सिटी क्षेत्र के कुड़ियागड़ी के पास ईको मैक कंपनी में माल लेकर आया एक कंटेनर कंपनी के गेट पर फंस गया जिसे निकालने के लिए क्रेन को बुलाया गया क्रेन चालक ने हाईटेंशन लाइन पर ध्यान नहीं दिया जिसके चलते क्रेन का हुड हाईटेंशन लाइन के छूने से मौके पर ही ड्राइवर गगन एन्क्लेव निवासी शकील अहमद की मौके पर ही मौत हो गई वहीं काजीपुरा निवासी बाइक सवार चांद को घायल अवस्था में होस्पिटल में भर्ती कराया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011